RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 263 जयपुर, गुरूवार, 22 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

▶ बड़े गैंगस्टर्स से कनेक्शन और साजिश की हो रही जांच

टाइगर फायरिंग केस में गर्लफ्रेंड को बनाया हथियारों की 'कूरियर'

डेड लेटर बॉक्स से अमृतसर से पहुंचाए गए पिस्टल-कारतूस इसमें खतरनाक और आधुनिक सिंडिकेट कर रहा था काम

नई दिल्ली/संचार जगत

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग मामले की जांच में दिल्ली-मुंबई पुलिस के हाथ बेहद चौंकाने वाली बात सामने आई है। जांच में सामने आया है कि इस मामले में शूटरों तक हथियार पहुंचाने के लिए खतरनाक और आधुनिक सिंडिकेट काम कर रहा था, जो स्पाई थ्रिलर फिल्मों की तर्ज पर डेड लेटर बॉक्स तकनीक का इस्तेमाल कर रहा था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस पूरे हथियार तस्करी और सप्लाई नेटवर्क का दायरा कई राज्यों तक फैला हुआ है। खुफिया एजेंसियों और जांच अधिकारियों की भाषा में डेड लेटर बॉक्स उस गुप्त ठिकाने या लोकेशन को कहा जाता है, जहां आमने-सामने मिले बिना ही एक व्यक्ति दूसरे के लिए हथियार छोड़कर चला जाता है। अमृतसर में एक गुप्त लोकेशन पर कोई अनजान शख्स हथियार छिपाकर चला गया था, जिसे उठाने के लिए कुणाल और सुमित नामक गुर्गे पहुंचे थे।



अब तक पकड़े गए हैं 10 आरोपी

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर की गई गोलीबारी के मामले में अब तक कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी सामने आई है। जांच में तीन आरोपियों को कथित तौर पर फायरिंग करने वाला बताया गया है, जबकि चार अन्य पर हथियारों की व्यवस्था करने में मदद करने का आरोप है। पुलिस आरोपियों के आपसी संपर्क, उनकी गतिविधियों और फायरिंग की साजिश से जुड़े पहलुओं की पड़ताल कर रही है। इस मामले में सोनीपत, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़े कई लोगों के नाम सामने आए हैं। हथियारों की व्यवस्था करने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार चार लोगों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा था और बाद में मुंबई पुलिस को सौंप दिया। इसके अलावा, आरोपी अंकित और समीर की गिरफ्तारी के बाद सोनीपत के जतिन को भी पकड़े जाने की जानकारी सामने आई है। कुणाल दसवीं तक पढ़ा है और हथियारों की व्यवस्था करने वाले कथित नेटवर्क से उसका नाम जुड़ा है। सुमित को कुणाल के साथ गिरफ्तार किया गया। राधा उत्तर प्रदेश के सीतापुर की है और कुणाल की गर्लफ्रेंड है।

जेल से बाहर आते ही जुड़ा अपराधियों का पूरा नेटवर्क

पुलिस के अनुसार, कुणाल इसी साल जुलाई में सोनीपत जेल से बाहर आया था। जेल से बाहर आने के बाद उसके एक पुराने दोस्त ने उसकी मुलाकात अनिल पंडित से कराई थी। इसके बाद से कुणाल सीधे तौर पर मिलने के बजाय एन्क्रिप्टेड चैटिंग एप्स के जरिए अनिल पंडित के संपर्क में रहने लगा। करीब दो हफ्ते पहले अनिल ने कुणाल को अमृतसर से हथियार लाकर उन्हें मुंबई तक पहुंचाने का बड़ा टास्क सौंपा था। कानून की पकड़ से बचने के लिए कुणाल ने बेहद शातिर तरीके से अपनी गर्लफ्रेंड राधा को कूरियर के रूप में इस्तेमाल किया। राधा और बबीता सोनीपत की एक फैक्ट्री में काम करती हैं। कुणाल की राधा से मुलाकात महज दो महीने पहले ही हुई थी। कुणाल ने अपने शातिर दिमाग का इस्तेमाल करते हुए राधा को भरोसे में लिया और उसे बबीता के साथ हथियार लेकर सुरक्षित रूप से मुंबई पहुंचने के निर्देश दिए।

यूक्रेन से शांति वार्ता को पुतिन राजी त्रिपक्षीय वार्ता शुरू करने को तैयार

ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात के बाद माने पुतिन

नई दिल्ली/संचार जगत

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे लंबे युद्ध को खत्म करने की कोशिशें रंग लाती नजर आ रही हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वॉशिंगटन और कीव के साथ त्रिपक्षीय वार्ताओं को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ के साथ सेंट पीटर्सबर्ग में हुई मुलाकात के बाद पुतिन ने ये रजामंदी जताई है। साढ़े चार साल से ज्यादा समय से जारी भीषण संघर्ष को थमाने यूएस प्रशासन लगातार कोशिश कर रहा है। इसी कड़ी में स्टीव विटकॉफ की पुतिन के साथ ये बैठक करीब तीन घंटे तक चली।

3 घंटे चली बैठक

पुतिन के विदेशी मामलों के सलाहकार यूरी उशकोव ने बताया कि राष्ट्रपति ने विटकॉफ के साथ बैठक के बाद यूक्रेन वॉर पर वार्ता की मेज पर आने के लिए सहमति दी। वो 10 नवंबर के बाद कीव और अमेरिका के साथ फिर से बातचीत शुरू करेंगे। ये त्रिपक्षीय वार्ता मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित होगी कि संघर्ष खत्म होने के बाद रूस और यूक्रेन के लिए मजबूत सिक्योरिटी सिस्टम कैसे तैयार किया जाए। रूस यात्रा से एक दिन पूर्व विटकॉफ ने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की व कई यूरोपीय नेताओं से मुलाकात की थी।

इन बैठकों से संकेत मिलता है कि अंतरराष्ट्रीय नेता अमेरिकी नेतृत्व वाले शांति प्रयासों को एक नई गति देने के लिए बेकरार हैं। हालांकि, जानकारों का मानना है कि रूस और कीव के बीच शांति की शर्तों को लेकर अभी काफी मतभेद हैं, क्योंकि दोनों देशों की सेनाएं युद्ध के मैदान में डटी हुई हैं और लगातार हमले जारी हैं। इसके बावजूद, ओस्लो बैठक में शामिल रहे फिनलैंड के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर स्टब ने मंगलवार देर रात कहा कि इस बैठक में 'वास्तविक प्रगति' हुई है। वहीं, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इंटरव्यू में कहा कि युद्ध को खत्म करने संघर्ष को फिलहाल रोकना रूस की ओर से उठाया जाने वाला सबसे छोटा कदम होना चाहिए।



डीजल प्रतिबंध को हटाने पर जताया आभार

सेंट पीटर्सबर्ग के कांस्टेंटाइन पैलेस में हुई इस बैठक में अमेरिकी दूत विटकॉफ ने ओस्लो बैठक को उत्पादक बताते हुए कहा कि शांति प्रयासों में कुछ गति देखने को मिल रही है। इस दौरान विटकॉफ ने रूस के डीजल निर्यात पर से बैन हटाने के लिए पुतिन को धन्यवाद दिया। जवाब में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि वो अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों को फिर से बहाल करने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, उन्होंने अमेरिका के नेतृत्व वाले ईरान संघर्ष पर भी चर्चा करने की इच्छा जताई और कहा कि मास्को तेहरान के साथ अपने विशेष संबंधों का इस्तेमाल शांति स्थापित करने में मदद के लिए कर सकता है।

वैशाली नगर में आयोजित चार दिवसीय SKJ ज्वैलर्स डांडिया महारास 2026 का भव्य समापन



संचार जगत

जयपुर। वैशाली नगर में आयोजित चार दिवसीय SKJ ज्वैलर्स डांडिया महारास 2026 का भव्य समापन हुआ। आयोजक पवन टांक के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में जयपुरवासियों ने गरबा और डांडिया की धूम के साथ मां अम्बे की आराधना की। विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने आयोजन को प्रेम, भाईचारे और आध्यात्मिकता का संगम बताया। वहीं, SKJ ज्वैलर्स के डायरेक्टर संजय जोशी ने शानदार सहयोग और प्यार के लिए जयपुरवासियों का आभार जताया।

कार्यक्रम में कन्या पूजन कर नारी शक्ति का सम्मान किया गया और विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। आयोजक पवन टांक ने सभी सहयोगियों और प्रायोजकों का धन्यवाद देते हुए अगले वर्ष फिर मिलने का वादा किया।





जियो के आईपीओ ने पहले ही दिन 100 मिनट में रचा इतिहास

30 हजार करोड़ रुपए के इश्यू के लिए अब तक 67 हजार करोड़ रुपए की लग चुकी है बोली

नई दिल्ली/संचार जगत



जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड का 30,213 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को खुलने के 100 मिनट के भीतर ही पूरी तरह से सब्सक्राइब हो गया।

यह बोली हासिल करने में भारत का अब तक का सबसे तेज आईपीओ बन गया है। खबर लिखे जाने तक इसकी बोलियां 67,000 करोड़ रुपये को पार कर गईं, जो पेशकश किए गए शेयरों की 3.04 गुना मांग दिखाती है। बड़े निवेशकों ने 9 गुना और आम लोगों ने 0.71 गुना सब्सक्राइब किया है। यह उपलब्धि भारतीय सार्वजनिक पेशकशों में निवेशकों मांग के लिए नए मापदंड स्थापित करती है। संस्थागत निवेशक देश के इस सबसे बड़े आईपीओ की मांग में अग्रणी रहे। योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए आरक्षित हिस्सा 9 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसमें 4.90 करोड़ शेयरों के मुकाबले 34.77 करोड़ शेयरों की बोलियां मिलीं।

आईपीओ का लक्ष्य क्या है

आईपीओ का मूल्य प्रति शेयर 1,065 रुपये से 1,119 रुपये निर्धारित किया गया है। इस मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर जियो प्लेटफॉर्म्स का मूल्यांकन लगभग 108 अरब डॉलर होगा। यह निर्गम 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा। यह मूल्य के हिसाब से हुंडई मोटर इंडिया के रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम बनने को तैयार है। यह आईपीओ डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में जियो की विस्तार महत्वाकांक्षा का एक बड़ा परीक्षण है।

एसबीआई ग्राहकों का डाटा डार्क वेब पर लीक

बैंक ने 3,897 ग्राहकों का डेटा चोरी होने की बात स्वीकार की



नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने साइबर अटैक से जुड़े एक मामले में अपने ग्राहकों का डेटा चोरी होने की बात स्वीकार की है। बैंक को अपने कुछ ग्राहकों की निजी जानकारी डार्क वेब पर मौजूद होने के बारे में पता चला है।

एसबीआई के मुताबिक शुरुआती जांच में 3,897 ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, ईमेल आईडी, घर के पते, बैंक शाखा और ग्राहक सूचना फाइल से जुड़े पहचान नंबर, लीड आईडी और कर्ज से जुड़े रिकॉर्ड जैसी जानकारियां डार्क वेब पर पाई गई हैं। बैंक जांच कर रहा है कि यह डेटा थेफ्ट कितने बड़े पैमाने पर हुआ है। एसबीआई का कहना है कि साइबर अटैक की इस घटना से उसकी मुख्य बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय प्रदर्शन पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई एक फाइलिंग में भारतीय स्टेट बैंक ने बताया कि उसे 16 अक्टूबर को जानकारी दी गई। यह जानकारी डिफेंस साइबर एजेंसी (डीसीवायए) और इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की ओर से ग्राहकों के डेटा के संभावित रूप से डार्क वेब पर सामने आने की सूचना मिली थी।

स्मृति शेष 25 नवंबर को उम्र के 100 साल पूरे करने वाले थे, पीएम मोदी ने जताया दुख

नहीं रहे राजदंड 'सेंगोल' बनाने वाले एथिराज

नई दिल्ली/संचार जगत



भारत की आजादी और संसदीय इतिहास से जुड़े ऐतिहासिक राजदंड सेंगोल को तैयार करने वाले वुम्मिदी एथिराज का बुधवार को निधन हो गया। उनका जन्म 25 नवंबर 1926 को हुआ था, इस लिहाज से अगले महीने ही वह उम्र के 100 साल पूरे करने वाले थे।

उनके निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति और विरासत में अहम योगदान देने वाला शिल्पकार बताया। एथिराज का नाम उस सेंगोल से जुड़ा था, जिसे 1947 में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया गया था। साल 2023 में नए संसद भवन में स्थापित किए जाने के बाद सेंगोल एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में आ गया था। वुम्मिदी एथिराज तमिलनाडु के एक प्रतिष्ठित शिल्पकार परिवार से ताल्लुक रखते थे। वह चेन्नई के वुम्मिदी बंगारू चेट्टी परिवार से जुड़े थे, जिसने ऐतिहासिक सेंगोल को तैयार किया था। सेंगोल चांदी से बनाया गया था और उस पर सोने की परत चढ़ाई गई थी। इसके शीर्ष पर नंदी की आकृति है। सेंगोल को राजसत्ता, न्याय और जिम्मेदारी का प्रतीक माना जाता है। वर्ष 1947 में भारत की आजादी के समय तैयार किया गया यह राजदंड तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सौंपा गया था। दशकों बाद, 28 मई 2023 को नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर इसे लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के पास स्थापित किया गया।

आजादी के इतिहास से संसद तक पहुंचा सेंगोल

सेंगोल का इतिहास भारत की आजादी के दौर से जुड़ा है। इसे 1947 में नेहरू को भेंट किया गया था। तमिल परंपरा में सेंगोल को न्यायपूर्ण शासन और सत्ता के दायित्व का प्रतीक माना जाता है। वर्ष 2023 में नए संसद भवन में इसकी स्थापना के बाद यह देश की संसदीय विरासत का भी एक प्रमुख प्रतीक बन गया। वुम्मिदी एथिराज के निधन के साथ उस शिल्पकार पीढ़ी से जुड़ी एक महत्वपूर्ण कड़ी का अंत हो गया, जिसका काम आजादी के समय की ऐतिहासिक घटना से लेकर आधुनिक भारत की संसद तक पहुंचा। प्रधानमंत्री मोदी के संदेश ने एक बार फिर इस बात को रेखांकित किया कि ऐतिहासिक धरोहरों के पीछे उन कारीगरों की मेहनत और हुनर भी होता है, जिनके योगदान को अक्सर समय के साथ भुला दिया जाता है।

महानिदेशक, आईजीपीआरएस नीरज के. पवन ने किया राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का अवलोकन

राजस्थान संपर्क एआई से शिकायतों का विश्लेषण और निस्तारण हो रहा अधिक प्रभावी

संचार जगत

जयपुर। महानिदेशक, आईजीपीआरएस, नीरज के. पवन ने बुधवार को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण तथा राजस्थान संपर्क एआई के माध्यम से शिकायतों के विश्लेषण की प्रक्रिया की जानकारी ली।

पवन ने राजस्थान संपर्क एआई की सराहना करते हुए इसे उपयोगी एवं प्रभावी पहल बताया। उन्होंने एआई के माध्यम से शिकायतों के गहन विश्लेषण की प्रक्रिया को समझा। इस दौरान उन्हें बताया गया कि जिला एवं विभागवार विश्लेषण के जरिए यह पता लगाया जा सकता है कि किस जिले में किन विभागों से संबंधित किस प्रकार की शिकायतें अधिक प्राप्त हो रही हैं। साथ ही, शिकायतों के रुझानों और बार-बार सामने आने वाली समस्याओं की भी पहचान की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान संपर्क एआई के प्रभावी उपयोग से विभाग शिकायतों की प्रकृति एवं प्रवृत्तियों का आकलन कर उनके निस्तारण की प्रक्रिया को अधिक त्वरित और व्यवस्थित बना सकते हैं। इससे शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता एवं परिवादियों की संतुष्टि बढ़ाने के साथ ही सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के अधिकारी उपस्थित रहे।



विधान सभा अध्यक्ष दिल्ली और छत्तीसगढ की यात्रा पर रायपुर में संत माता हासी देवी के 200 वें जयंती समारोह में होंगे शामिल

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार से दिल्ली और छत्तीसगढ की यात्रा पर है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देवनानी बुधवार को अपरान्ह किशनगढ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होकर सायं 4:30 बजे दिल्ली पहुंचे। देवनानी का दिल्ली से सांय 7:10 बजे वायुयान से रवाना होकर रात्रि 9:00 बजे रायपुर पहुँचने का कार्यक्रम है।

स्पीकर देवनानी गुरुवार को दोपहर 12 बजे रायपुर में संत माता हासी देवी की 200 वीं जयंती पर आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होंगे। इस समारोह में भारत सरकार द्वारा जारी किये जाने वाले संत माता पर दो सौ रूपये के स्मृति सिक्के और डाक टिकिट का अनावरण होगा। समारोह की मुख्य अतिथि देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी। स्पीकर देवनानी का गुरुवार को ही सांय वायुयान द्वारा रायपुर से दिल्ली पहुँचने का कार्यक्रम है।

व्हाट्सएप पर नया फर्जीवाड़ा: फर्जी क्यूआर कोड से हो रहा अकाउंट हैक, राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

अनजान डिवाइस लिंक होते ही ठग पहुंच जाते हैं आपके संपर्कों तक, इमरजेंसी के नाम पर मांगते हैं पैसे

संचार जगत

जयपुर। साइबर ठग अब व्हाट्सएप अकाउंट पर कब्जा जमाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस की आर-फोर-सी साइबर क्राइम शाखा ने इससे बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वी के सिंह ने बताया कि ठग फर्जी क्यूआर कोड, सोशल इंजीनियरिंग और ओटीपी हासिल करने जैसे तरीकों से अकाउंट में सेंध लगाते हैं। अकाउंट हाथ में आते ही वे संपर्क सूची के परिचितों को इमरजेंसी या इलाज के नाम पर पैसे मांगने के संदेश और संदिग्ध लिंक भेजते हैं।

ऐसे फंसाते हैं ठग: फर्जी क्यूआर कोड या लिंक के जरिए अनजान डिवाइस से व्हाट्सएप लिंक करवाना। दोस्त, अधिकारी या कस्टमर सपोर्ट बनकर ओटीपी, वेरिफिकेशन कोड या टू-स्टेप वेरिफिकेशन पिन मांगना। संदिग्ध ऐप के जरिए एसएमएस, नोटिफिकेशन या एक्सेसिबिलिटी अनुमति का दुरुपयोग करना। रिमोट-एक्सेस या स्क्रीन-शेयरिंग ऐप इंस्टॉल करवाकर फोन पर नियंत्रण पाना।

ये संकेत दिखें तो हो जाएं सतर्क

लिंक्ड डिवाइसेस में कोई अनजान डिवाइस दिखना। आपकी जानकारी के बिना संदेश जाना या चैट पढ़ी जाना। बिना मांगे ओटीपी या वेरिफिकेशन कोड आना।

परिचितों का बताना कि आपके अकाउंट से पैसे मांगे जा रहे हैं। व्हाट्सएप से अचानक लॉगआउट हो जाना।

मैक्सिमम गवर्नेंस-मिनिमम गवर्नमेंट के तहत नागरिकों का जीवन सुगम बनाना प्राथमिकता: मुख्य सचिव

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नव-पदोन्नत 16 आईएएस अधिकारियों की बैठक



संचार जगत

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत 16 अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को पदोन्नति पर बधाई देते हुए सुशासन, तकनीकी नवाचार और जनहित की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

शासन में आईटी और एआई का उपयोग

मुख्य सचिव ने कहा कि शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गवर्नेंस में एआई की उपयोगिता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक रूप से स्वीकार किया जा रहा है।

संपर्क कॉल सेंटर और जनसुनवाई पर जोर

मुख्य सचिव ने नव-पदोन्नत अधिकारियों को शासन सचिवालय स्थित संपर्क कॉल सेंटर का दौरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को वहाँ प्राप्त परिवेदनाओं की प्रक्रिया को समझने तथा 10 प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।

क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी के बिहेवियरल कॉम्पिटेंस और लीडरशिप मॉड्यूल से जुड़े पाठ्यक्रम पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों से अधिकारियों की प्रशासनिक कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता को मजबूती मिलेगी।

पंचायतीराज आम चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान दल रवाना

भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज परिसर से 797 मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए मतदान दल

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के तहत जयपुर जिले की आठ पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के वार्डों में 22 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए बुधवार को भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज परिसर से प्रशिक्षण के उपरांत मतदान दल ईवीएम, बैलेट पेपर एवं निर्वाचन संबंधी आवश्यक सामग्री के साथ उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए।

मतदान दलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा सामग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। मतदान दलों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र, सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में चौमूं, दूदू, गोविंदगढ़, झोटवाड़ा, जोबनेर, किशनगढ़ रेनवाल, मौजमाबाद एवं सांभर पंचायत समितियों के 146 वार्डों तथा जिला परिषद के 22 वार्डों में मतदान होगा।

इन क्षेत्रों में कुल 797 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। प्रथम चरण में कुल 7 लाख 43 हजार 640 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 3 लाख 84 हजार 195 पुरुष तथा 3 लाख 59 हजार 445 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला परिषद एवं प्रथम चरण की संबंधित पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए गुरुवार, 22 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा।

बाल संरक्षण के लिए अनुसंधान-आधारित नवाचार आवश्यक: महानिदेशक पुलिस राजस्थान

डीजीपी ने राजस्थान पुलिस अकादमी में बाल संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

संचार जगत

जयपुर। महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में बाल संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से संचालित केन्द्र में सदस्यों और पुलिस अधिकारियों को बाल संरक्षण कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के प्रभावी समाधान के लिए अनुसंधान आधारित नवाचार और जन जागरूकता जरूरी है। बदलते साइबर परिवेश में बच्चों को सुरक्षित रखने तथा बाल लैंगिक अपराधों की रोकथाम के लिए अभिभावकों और संबंधित हितधारकों का क्षमताओं का

आमजन में जागरूकता बढ़ाने और क्षमता विकास के लिए दिए निर्देश



विकास भी आवश्यक है। डीजीपी ने केंद्र से जुड़े अधिकारियों और सदस्यों को बाल संरक्षण के प्रमुख विषयों का गहन अध्ययन तथा विभिन्न जिलों में सामने आ रही समस्याओं पर साक्ष्य-आधारित अनुसंधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान के निष्कर्षों के आधार पर जागरूकता और क्षमता विकास संबंधी गतिविधियां कराने के लिए कहा।

बाल संरक्षण के लिए होंगे नवाचार

केंद्र का उद्देश्य बाल संरक्षण संबंधी समस्याओं का विस्तृत अध्ययन कर प्रभावी नवाचारों को बढ़ावा देना है।

केंद्र का संचालन महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन और अकादमी निदेशक व अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस संजीव कुमार नार्जरी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार निराला ने साइबर सुरक्षा, बालकों पर लैंगिक अपराधों की रोकथाम और अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कानूनी प्रावधानों के अनुरूप हितधारकों के नियमित प्रशिक्षण तथा क्षमता विकास में विषय विशेषज्ञों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

इस दौरान अकादमी के अतिरिक्त निदेशक शंकर दत्त शर्मा, पुलिस निरीक्षक धीरज वर्मा, यूनिसेफ कार्यक्रम अधिकारी हिमाली लेउवा, सलाहकार सिंधु बिनुजीत, डॉ. अजीत, आशुतोष, आकाश उपाध्याय सहित पुलिस और यूनिसेफ के अधिकारी उपस्थित थे।

विश्व बैंक का 'सूत्रा' बदलेगा राजस्थान के शहरों की तस्वीर

38 करोड़ 57 लाख डॉलर की प्रस्तावित परियोजना से राजस्थान के चार प्रमुख शहरी क्लस्टर का होगा कायाकल्प

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान के प्रमुख शहरों में सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत ढांचे के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने और नगर निकायों की वित्तीय एवं प्रशासनिक क्षमता मजबूत करने के उद्देश्य से विश्व बैंक ने सस्टेनेबल अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन इन राजस्थान एक्सीलरेटेड (सूत्रा) परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्तावित परियोजना की कुल लागत 38 करोड़ 57 लाख अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 3 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक है। विश्व बैंक की ओर से जारी नवीनतम दस्तावेज के अनुसार परियोजना में कुल 32 शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया जाएगा। इनमें जयपुर, जोधपुर, कोटा और भरतपुर के चार प्रमुख शहरी क्लस्टर तथा उनसे जुड़े 28 सैटेलाइट टाउन शामिल किए जाने प्रस्तावित हैं। इन क्षेत्रों में वर्ष 2026 में अनुमानित आबादी 78 लाख से अधिक है। इसके माध्यम से शहरी विकास को अधिक व्यवस्थित बनाने और नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जाएगा।

पर्यटन, विरासत संरक्षण और शहरी परिवहन को मिलेगा प्रोत्साहन

परियोजना के अंतर्गत चारों शहरी क्लस्टर में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और पुनर्जीवन, शहरी परिवहन एवं कनेक्टिविटी में सुधार, ठोस कचरा प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं के विकास से जुड़े कार्य करवाए जाएंगे। इन प्रयासों का उद्देश्य शहरों को अधिक सुविधाजनक और रहने योग्य बनाना, आवागमन बेहतर करना तथा पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाना है। राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों को ध्यान में रखते हुए विरासत क्षेत्रों के विकास को भी परियोजना में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इन शहरों में बढ़ती गर्मी में जल संकट और बारिश के दौरान जलभराव जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कार्य भी करवाए जाएंगे।

नगर निकायों की आय बढ़ाने और वित्तीय प्रबंधन सुधारने पर बल

विश्व बैंक के दस्तावेज के अनुसार परियोजना के तहत नगर निकायों के राजस्व प्रशासन में सुधार और ऋण प्रबंधन को बेहतर बनाने जैसे उपाय किए जाएंगे।

पोषण माह 2026 में राजस्थान का राष्ट्रीय स्तर पर परचम, पूरे भारत में हासिल किया द्वितीय स्थान : जोधपुर रहा प्रदेश में अव्वल

संचार जगत

जयपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए गर्व का क्षण है। राष्ट्रीय पोषण माह - सितंबर 2026 के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान ने पूरे भारत में द्वितीय (2ठुख) स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान में 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक 9वां राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। पोषण माह के दौरान प्रदेशभर में आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण संबंधी जनजागरूकता, अन्नप्राशन, गोदभराई, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं प्रबंधन, पोषण वाटिका, स्वस्थ बालक स्पर्धा जैसे कार्यक्रमों का सघन आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 113.66% उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर



उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने समस्त NNM टीम, विभागीय अधिकारियों, जिला एवं ब्लॉक समन्वयकों और सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारी फील्ड की बहनों की दिन-रात की मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। राजस्थान सरकार 'कुपोषण मुक्त राजस्थान, स्वस्थ राजस्थान' के लक्ष्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

राजस्थान के टॉप 5 प्रदर्शन करने वाले जिले

1. जोधपुर - 148.22% (प्रथम स्थान), 2. बीकानेर - 133.70% (द्वितीय स्थान), 3. पाली - 132.01% (तृतीय स्थान), 4. चूरू - 128.85% (चतुर्थ स्थान), 5. श्रीगंगानगर - 127.21% (पंचम स्थान) इन जिलों के DD,CDPO LS तथा जिला समन्वयक (DC), जिला परियोजना सहायक (DPA), ब्लॉक समन्वयक (BC) एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने असाधारण समर्पण दिखाते हुए पूरे प्रदेश के सामने एक मिसाल पेश की है। विभाग की शासन सचिव पूनम ने भी सभी टीमों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी ऊर्जा के साथ हम आने वाले समय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्य करेंगे। निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने बताया कि इस वर्ष पोषण माह की मुख्य थीम - 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' रखी गई। इसका मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रों को पोषण, देखभाल और प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास का सशक्त केन्द्र बनाना और समुदाय में स्वामित्व की भावना जागृत करना है।

उन्होंने बताया कि कि पोषण माह के दौरान 5 प्रमुख विषयों पर विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं

1. आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन
2. आंगनवाड़ी केन्द्रों पर ताजा पका हुआ गर्म भोजन (HCM)
3. सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही
4. बाल्यावस्था विकास के लिए पोषण और प्रारंभिक उद्दीपन
5. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)

विभागीय कैलेण्डर के अनुसार सभी गतिविधियां स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय से आयोजित की गई और प्रतिदिन की प्रगति जन-आंदोलन डैशबोर्ड पर अपलोड की गई।

महिला को हिप्नोटाइज कर लूटे सोने के गहने

संचार जगत

जयपुर। जयपुर में जॉब पर जा रही 60 वर्षीय महिला को तीन बदमाशों ने कथित तौर पर हिप्नोटाइज कर लूट लिया। आरोपियों ने परिवार पर बड़ा संकट आने और बड़े बेटे की मौत होने की बात कहकर महिला को अपने जाल में फंसाया। इसके बाद उसके हाथ में पत्ता रखवाकर मंगलसूत्र, कानों की बालियां और अंगूठी उतरवा ली। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर श्याम नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला करणी विहार के हीरानगर-ए इलाके की रहने वाली है। घटना के बाद महिला बेहोश होकर सड़क पर गिर गई। वहां मौजूद राहगीरों ने उसे संभाला, जिसके बाद कुछ देर में उसे होश आया। घर पहुंचकर उसने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद मंगलवार शाम को श्याम नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई।

महानिदेशक, आईजीपीआरएस ने किया राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का अवलोकन



संचार जगत

जयपुर। आईजीपीआरएस के महानिदेशक नीरज के. पवन ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण तथा राजस्थान संपर्क एआई के माध्यम से शिकायतों के विश्लेषण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने राजस्थान संपर्क एआई की सराहना करते हुए इसे उपयोगी और प्रभावी पहल बताया। उन्होंने एआई के माध्यम से शिकायतों के गहन विश्लेषण की प्रक्रिया को समझा। उन्होंने कहा कि राजस्थान संपर्क एआई के प्रभावी उपयोग से विभाग शिकायतों की प्रकृति एवं प्रवृत्तियों का आकलन कर उनके निस्तारण की प्रक्रिया को अधिक त्वरित और व्यवस्थित बना सकते हैं। इससे शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता एवं परिवादियों की संतुष्टि बढ़ाने के साथ ही सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

चंद्रशेखर सैन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित



संचार जगत

जयपुर। टेराकोटा एवं दृश्य कला के कलाकार चंद्रशेखर सैन को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनकी उत्कृष्ट टेराकोटा कलाकृति माय एंटायर वर्ल्ड -1 के लिए प्रदान किया गया है। नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंद्रशेखर सैन को सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल सहित कला और संस्कृति जगत की कई हस्तियां उपस्थित रहीं। यह पुरस्कार समारोह ललित कला अकादमी, नई दिल्ली द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। चंद्रशेखर सैन ने अपनी इस कलाकृति में प्रकृति, जीवन, यादों और मानवीय भावनाओं को समकालीन कला दृष्टि के माध्यम से प्रस्तुत किया है। उनकी कलाकृति में पारंपरिक कला और आधुनिक सोच का सुंदर मेल दिखाई देता है। राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के लिए देशभर से कुल 6 हजार 175 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। इनमें से 270 कलाकृतियों का चयन प्रदर्शनी के लिए किया गया, जबकि केवल 20 कलाकारों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सैन लंबे समय से टेराकोटा और दृश्य कला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने अपनी रचनात्मक सोच और कला के प्रति समर्पण से एक अलग पहचान बनाई है। उनकी कलाकृतियों में मिट्टी जैसे पारंपरिक माध्यम से भी आधुनिक विचारों और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाता है।

फर्जी ऑनलाइन गोल्ड ट्रेडिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

संचार जगत



जयपुर। पुलिस की स्टेट साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने फर्जी ऑनलाइन गोल्ड ट्रेडिंग वेबसाइट के जरिए 12 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी का पर्दाफाश करते हुए एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने असम निवासी आरोपी बेशराज थापा को विशाखापट्टनम से दबोचा। इस अंतरराज्यीय साइबर सिंडिकेट में अब तक कुल 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। साइबर क्राइम के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विजय कुमार सिंह ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सक्षम न्यायालय से 5 दिन का ट्रांजिट वारंट प्राप्त कर आरोपी को जयपुर लाया है।

विपक्ष के बनाए तिलिस्म को तोड़ने बीजेपी उतरेगी सड़कों पर

संचार जगत



जयपुर। भारतीय जनता पार्टी आज से 5 नवंबर तक देशव्यापी लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाएगी। अभियान के तहत प्रेस कॉन्फ्रेंस, पदयात्राएं, विधानसभा स्तर पर बौद्धिक संवाद, महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में युवा कार्यक्रम और सोशल मीडिया गतिविधियां आयोजित की जाएगी। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची की शुचिता और पात्र नागरिकों के मताधिकार के मुद्दे पर जनसमर्थन जुटाना, एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब देना और चुनाव आयोग सहित लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास मजबूत करने का संदेश देना है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि विपक्ष एसआईआर को लेकर भ्रामक सूचनाएं फैलाने और अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर दोहरे मापदंड अपना रहा है। बगडी ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश के जिला मुख्यालयों में पदयात्राएं आयोजित की जाएगी। इनमें मतदाता सूची की शुद्धता, घुसपैठ और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े मुद्दों पर जनता को सच्चाई से अवगत कराया जाएगा। अभियान के तहत 23 से 31 अक्टूबर के बीच प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्र चिंतन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें डॉक्टर, वकील, शिक्षक, प्रोफेसर, कारोबारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और अन्य पेशेवर शामिल होंगे। इन संवादों में एसआईआर की प्रक्रिया, मतदाता सूची में संशोधन और अवैध घुसपैठ से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। लोकतंत्र बनाम भीड़तंत्र युवा संवाद के तहत महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों, आईटीआई और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में चुनावी निष्पक्षता, नागरिकता, एसआईआर, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय विकास जैसे विषयों पर संवाद होगा। अभियान में विशेषांक पत्रिकाओं, लेखों, पुस्तिकाओं और पर्चों के माध्यम से भी एसआईआर तथा मतदाता सूची की शुचिता से जुड़े पक्ष को जनता के सामने रखा जाएगा। भाजपा इस अभियान के माध्यम से मतदाता सूची की विश्वसनीयता, पात्र नागरिकों के मतदान अधिकार और लोकतांत्रिक संस्थाओं के सम्मान को प्रमुखता से जनता के बीच ले जाएगी।

अभियान के क्रियान्वयन के लिए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा को प्रदेश संयोजक तथा प्रदेश मंत्री सीताराम पोसवाल, पूर्व उप महापौर पुनित कर्नावट और प्रदेश सह कार्यालय मंत्री भवानीशंकर शर्मा को प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के लिए प्रदेश टोलियों का गठन किया गया है।

डीजीपी ने बाल संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण



संचार जगत

जयपुर। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने राजस्थान पुलिस अकादमी में बाल संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से संचालित केन्द्र में सदस्यों और पुलिस अधिकारियों को बाल संरक्षण कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के प्रभावी समाधान के लिए अनुसंधान आधारित नवाचार और जन जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि बदलते साइबर परिवेश में बच्चों को सुरक्षित रखने तथा बाल लैंगिक अपराधों की रोकथाम के लिए अभिभावकों और संबंधित हितधारकों का क्षमताओं का विकास भी आवश्यक है। डीजीपी ने केंद्र से जुड़े अधिकारियों और सदस्यों को बाल संरक्षण के प्रमुख विषयों का गहन अध्ययन तथा विभिन्न जिलों में सामने आ रही समस्याओं पर साक्ष्य-आधारित अनुसंधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान के निष्कर्षों के आधार पर जागरूकता और क्षमता विकास संबंधी गतिविधियां कराने के लिए कहा।

नशे के खिलाफ मोटरसाइकिल रैली किया स्वागत



संचार जगत

जयपुर। नशे के खिलाफ जन-जागरूकता और राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर निकल रही राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली बुधवार शाम जयपुर के आमेर पहुंची। रैली का स्वागत राजस्थान पुलिस बैंड की स्वरलहरियों के बीच फूलों से और तिलक लगाकर किया गया। आमेर में उप महानिरीक्षक पुलिस श्वेता धनकड़ ने सभी राइडर्स का अभिवादन करते हुए गुलाबी नगरी पधारने पर स्वागत किया। आज सुबह रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल से पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा हरी झंडी दिखाकर रैली को आगे के लिए रवाना करेंगे। रैली में सीआरपीएफ सहित विभिन्न सुरक्षा बलों के 250 राइडर्स भाग ले रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष दिल्ली व छत्तीसगढ़ यात्रा पर



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी दिल्ली और छत्तीसगढ की यात्रा पर गए हैं। वे आज रायपुर में संत माता हासी देवी की 200 वीं जयंती पर आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होंगे। इस समारोह में भारत सरकार द्वारा जारी किये जाने वाले संत माता पर दो सौ रूपये के स्मृति सिक्के और डाक टिकिट का अनावरण होगा। समारोह की मुख्य अतिथि देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी।

पेयजल पर पड़ सकता है कम बारिश का असर

संचार जगत



जयपुर। मौजूदा जलस्त्रोतों से पीने के पानी की उपलब्धता में 30 प्रतिशत तक की कमी आने की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। जलदाय विभाग सभी जिलों का कंटिजेंसी प्लान तैयार कर रहा है, ताकि गर्मियों में पानी की किल्लत वाले इलाकों की पहले से पहचान की जा सके। इसके तहत जरूरत पड़ने पर नए ट्यूबवेल खुदवाए जाएंगे, खराब पंप-मोटर बदले जाएंगे और क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की मरम्मत कराई जाएगी। जरूरत वाले क्षेत्रों में टैंकरों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। अक्टूबर से दिसंबर तक आपातकालीन पेयजल कार्यों के लिए जिला कलेक्टरों को 75 लाख रुपये तक के कार्यों के प्रस्ताव मंजूर कराने के अधिकार दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान के 14 जिलों में कम बारिश और 12 जिलों में औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। ऐसे में सरकार ने अपनी तरफ से पहल करते हुए तैयारियां प्रारंभ कर दी है और अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

श्रीमद भागवत कथा के लिए हुआ भूमि पूजन

भीलवाड़ा। छोटी हरणी क्षेत्र में हनुमान टेकरी स्थित श्री टेकरी के बालाजी पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन होगा। 11 से 17 नवम्बर तक होने वाले इस महोत्सव में वृन्दावन के कथावाचक महेन्द्र कृष्ण शास्त्री भीलवाड़ा में पहली बार कथावाचन करेंगे। आयोजन के लिए महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में भूमि पूजन होने के साथ ही तैयारियां प्रारंभ हो गई। भूमि पूजन में संत महात्माओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। भूमि पूजन के बाद छोटी हरणी स्थित चारभुजा मंदिर से धर्म ध्वजा आयोजन स्थल पर लाकर स्थापित की गई। श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चलेगी।

विश्व बैंक का सूत्रा बदलेगा शहरों की तस्वीर

संचार जगत



जयपुर। राज्य के प्रमुख शहरों में सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत ढांचे के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने और नगर निकायों की वित्तीय एवं प्रशासनिक क्षमता मजबूत करने के उद्देश्य से विश्व बैंक ने सस्टेनेबल अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन इन राजस्थान एक्सीलरेटेड सूत्रा परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्तावित परियोजना की लागत लगभग 3 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक है। विश्व बैंक की ओर से जारी नवीनतम दस्तावेज के अनुसार परियोजना में 32 शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया जाएगा। इनमें जयपुर, जोधपुर, कोटा और भरतपुर के चार प्रमुख शहरी क्लस्टर तथा उनसे जुड़े 28 सैटेलाइट टाउन शामिल किए जाने प्रस्तावित हैं। इन क्षेत्रों में 2026 में अनुमानित आबादी 78 लाख से अधिक है। इसके माध्यम से शहरी विकास को अधिक व्यवस्थित बनाने और नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जाएगा। रियोजना के अंतर्गत चारों शहरी क्लस्टर में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और पुनर्जीवन, शहरी परिवहन एवं कनेक्टिविटी में सुधार, ठोस कचरा प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं के विकास से जुड़े कार्य करवाए जाएंगे। इन प्रयासों का उद्देश्य शहरों को अधिक सुविधाजनक और रहने योग्य बनाना, आवागमन बेहतर करना तथा पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाना है। राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों को ध्यान में रखते हुए विरासत क्षेत्रों के विकास को भी परियोजना में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इन शहरों में बढ़ती गर्मी में जल संकट और बारिश के दौरान जलभराव जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कार्य भी करवाए जाएंगे। विश्व बैंक के दस्तावेज के अनुसार परियोजना के तहत नगर निकायों के राजस्व प्रशासन में सुधार और ऋण प्रबंधन को बेहतर बनाने जैसे उपाय किए जाएंगे। साथ ही, शहरी स्थानीय निकायों की ऋण लेने की क्षमता मजबूत करने तथा शहरी आधारभूत ढांचे के लिए निजी एवं वाणिज्यिक पूंजी जुटाने की व्यवस्था विकसित करने पर भी जोर रहेगा। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी राजस्थान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को बनाया जाएगा। विश्व बैंक में परियोजना की तकनीकी डिजाइन की समीक्षा 10 दिसम्बर और बोर्ड का अनुमोदन 2 जुलाई 2027 तक होना संभावित है।

भाजपा ने रेजीम चेंज के नैरेटिव के पीछे विदेशी ताकतों का बताया हाथ

संचार जगत



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष पर रेजीम चेंज यानी सत्ता परिवर्तन के नैरेटिव को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पार्टी ने दावा किया कि इस अभियान के पीछे कुछ अज्ञात और संदिग्ध विदेशी ताकतें हैं, जो भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रही हैं। भाजपा की यह प्रतिक्रिया विपक्ष के कई नेताओं, खासकर शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे की ओर से रेजीम चेंज के मुद्दे को उठाने और इसे अपरिहार्य बताने के बाद आई है। दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, लेकिन कुछ ताकतें देश की इस प्रगति से खुश नहीं हैं। ये ताकतें देश के भीतर और बाहर दोनों जगह मौजूद हैं और इनके बीच स्पष्ट गठजोड़ दिखाई देता है। यूरोप में हो रहे प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि इन घटनाक्रमों से तस्वीर भारतीय नागरिकों के सामने और स्पष्ट हो रही है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कुछ ताकतें सत्ता में आने के बाद लूट, समाज में विभाजन और भारतीय संस्कृति और धर्म के विरोध की राजनीति करती हैं।

आवासीय परियोजना के संबंध में बैठक आयोजित



संचार जगत

जयपुर। मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में सेना कल्याण आवास संगठन की ओर से नीमराना में प्रस्तावित आवासीय परियोजना के लिए भूमि आवंटन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि सेना की ओर से प्राप्त अनुरोध पर सरकार द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए राज्य सरकार की ओर से भूखंडों के विकल्प प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने सेना के अधिकारियों को इन भूखंडों का मौके पर निरीक्षण करने तथा उनकी उपयुक्तता का आकलन कर रिपोर्ट एवं सुझाव राज्य सरकार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद विस्तृत विचार-विमर्श कर भूमि आवंटन के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह एवं सैनिक कल्याण विभाग भास्कर ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग टी. रविकांत सहित भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविरों से ग्रामीण लाभान्वित

उदयपुर। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की स्वास्थ्य सेवा परियोजना एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत ममता एचआईएमसी के सहयोग से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से एक हजार 263 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें 766 महिलाएं और 497 पुरुष शामिल हैं। ये शिविर राजस्थान और उत्तराखंड के अपने प्रमुख परिचालन क्षेत्रों अगूचा, चंदेरिया, जावर, दरीबा और पंतनगर में लगाए गए। शिविरों में स्त्री रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सकों की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। शिविरों के दौरान नेत्र जांच, हीमोग्लोबिन जांच, रक्तचाप परीक्षण और ब्लड शुगर जांच जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही जरूरतमंद लोगों को दवाइयां वितरित की गईं।

सरकारी काम में भागीदार बनेंगे स्टार्टअप्स

संचार जगत



जयपुर। जयपुर लोकसभा सांसद मंजू शर्मा ने शहर को आईटी हब बनाने और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए उन्हें सरकारी विभागों की परियोजनाओं से जोड़कर रोजगार और नवाचार को बढ़ावा देने की पहल की है। इस संबंध में सांसद मंजू शर्मा ने जयपुर नगर निगम सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों में काम के अवसर उपलब्ध कराने की संभावनाएं तलाशने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। भामाशाह टेक्नोहब में महिला स्टार्टअप संस्थापकों के साथ संवाद के दौरान महिला उद्यमियों ने सांसद मंजू शर्मा से कहा कि नगर निगम, बाल अधिकारिता, कृषि, मेडिकल सहित विभिन्न विभागों में ऐसे कई कार्य हैं, जिनमें स्टार्टअप्स अपने उत्पादों, तकनीक और सेवाओं के माध्यम से योगदान दे सकते हैं। इससे महिला उद्यमियों को कारोबार बढ़ाने के अवसर मिलने के साथ अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के नए रास्ते खुल सकते हैं। उन्होंने सरकारी तंत्र तक पहुंच, योजनाओं की जानकारी के अभाव और काम मिलने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयां बताने के साथ ही यह सुझाव दिया कि ऐसा एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाए, जहां सभी सरकारी विभागों की योजनाओं, परियोजनाओं, कार्यों, पात्रता शर्तों और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध हो। इससे स्टार्टअप्स अपनी विशेषज्ञता के अनुरूप अवसरों की पहचान कर सकेंगे और संबंधित विभागों तक पहुंच आसान होगी। इस संबंध में मंजू शर्मा ने एक पत्र सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राज्यवर्धन को भिजवाया। महापौर सुनील कोठारी ने नगर निगम के कार्यों में स्टार्टअप्स की सेवाएं लेने की संभावनाएं तलाशने और संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करने सहयोग देने की हामी भर दी।

संपादकीय

मंदिर चढ़ावे की रसीद

आस्था के महाकुंभ में हिमाचल के प्रमुख मंदिर सुर्खियां बटोरते हैं और यहां श्रद्धा के आगे धन सामग्री अर्पण के रिकार्ड बनते हैं। हर किसी की मन्नत में राह गुजरती है, तेरे दरबार में आके दौलत चरण चूमती है। इन दिनों नयनादेवी, चिंतपूर्णी, बाला सुंदरी और चामुंडा देवी में आए भक्तों के कारण भक्ति का तराजू बता रहा है कि दरख्वास्तें मंदिरों की परिक्रमा में न्योछावर हो जाती हैं। किसी ने नयनादेवी में चढ़ाया सोने का सेट, तो कहीं छत्र पर विराजित हुआ सोना। चामुंडा देवी में आई मन्नत की सवारी, तो सोना-चांदी के वजन ने निर्माण कार्यों को इज्जत बख्श दी। भक्तों के चढ़ावों की रसीद यूं तो मंदिरों के खजाने को मालामाल करती है, लेकिन जब कभी श्रद्धालू अपनी भक्ति में लीन, मन्नत की मंजूरी में सोना-चांदी अदा करता है तो संसार की धारा, विश्वास की लहर और योगदान की असीमित शक्ति सामने आ जाती है। जाहिर है मंदिर अपनी क्षमता का आर्थिक इजहार करते हुए परंपराओं को समृद्ध कर रहे हैं, लेकिन मंदिर व्यवस्था के प्रारूप में माकूल सुधार नहीं हो रहा। सुझाव के चिडियाघरों में कई संकल्प कैद हैं, लेकिन मंदिर के जज्बात या यूं कहें कि श्रद्धा की संवेदना योजनाओं-परियोजनाओं में परिलक्षित नहीं हुई। दरअसल हर मंदिर का ट्रस्ट सियासी डेरा बना रहा। सुविधाओं के खाके वीआईपी समागम के अवधूत बने रहे। अंततः मंदिर के चढ़ावों की वकालत क्यों नहीं परिसर समझ पाए। ऐसी क्या अड़चन है कि हम श्रद्धालुओं के पक्ष में आय-व्यय का झुकाव न करें। श्रद्धा के प्रमुख केंद्रों को धार्मिक पर्यटन के आर्थिक विकास का रथ बनाएं। मंदिर व्यवस्था का सही व लक्ष्य आधारित संचालन अगर मंदिर विकास एवं प्रबंधन विकास प्राधिकरण के तहत हो, तो वित्तीय अनुशासन आएगा। इसके तहत मंदिर व्यवस्था का एक स्थायी कॉडर तथा रोडमैप विकसित होगा। मंदिरों के बजटीय प्रावधानों को देखें, तो ऐसा लगता है कि यहां भी राजनीतिक खिचड़ी ही पक रही है या इन्हें विधानसभा क्षेत्र के विशेषाधिकार में विधायक की मनमर्जी का मंच समझा जाता है। हमें मंदिर की श्रद्धा का विवरण उत्साहित करता है और अगर कार्यप्रणाली के उदाहरण आकर्षित करें, तो मन्नत की मंजूरियां कमोबेश हर मंदिर के विकास में उल्लेखनीय योगदान करेंगी। चामुंडा मंदिर विकास की परंपरा में अभी एक और पड़ाव तब जुड़ा जब पड़ोसी राज्य के एक श्रद्धालू द्वारा अर्पित अकूत संपत्ति से परिसर का निर्माण अपनी मजबूती तथा सौंदर्य बोध से परिपूर्ण होने लगा। जाहिर है मंदिरों के विस्तार का लक्ष्य धार्मिक नगरियों के विकास तक होना चाहिए। कल अगर हमारी योजनाओं में दस से पंद्रह किलोमीटर के दायरे में अगर मंदिरों की गरिमा तथा आर्थिक क्षमता जुड़े, तो प्रदेश में चिंतपूर्णी, दियोटसिद्ध, बालासुंदरी, नयनादेवी, कांगड़ा, ज्वालाजी व चामुंडा देवी धार्मिक नगरियों के रूप में सुसज्जित होंगे तथा इस नगरियों के माध्यम से धार्मिक पर्यटन की मौजूदा आर्थिकी पांच हजार करोड़ तक पहुंच सकती है।

मतभेद अनेक फिर भी भारत एक, यही है राष्ट्रीय एकता



भारत केवल एक भौगोलिक सीमा में बसा देश नहीं, बल्कि विविधताओं के बीच विकसित हुई एक ऐसी सांस्कृतिक चेतना है, जिसने हजारों वर्षों से अनेक विचारों, आस्थाओं, भाषाओं, परंपराओं और जीवन-पद्धतियों को अपने भीतर स्थान दिया है। हमारी असली शक्ति इस विविधता को मिटाने में नहीं, बल्कि उसका सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने में है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का विजयादशमी पर दिया जाने वाला वार्षिक उद्बोधन इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में विचारणीय एवं राष्ट्रीय एकता का महा-उद्घोष है। उनके संदेश में देश की एकता, सामाजिक सद्भाव, नागरिक अनुशासन और भारत के सामने उपस्थित चुनौतियों के प्रति सजग रहने का आह्वान है। यह संदेश किसी एक संगठन, विचारधारा अथवा राजनीतिक पक्ष तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे राष्ट्रीय जीवन के आत्ममंथन का अवसर बनाना चाहिए। आज भारत जिस वैश्विक परिवेश में आगे बढ़ रहा है, उसमें उसकी आर्थिक प्रगति, तकनीकी क्षमता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव का विस्तार अनेक संभावनाएं पैदा कर रहा है। लेकिन किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसकी आर्थिक उपलब्धियों, सैन्य सामर्थ्य अथवा वैश्विक प्रतिष्ठा से नहीं मापी जाती। उसकी सबसे बड़ी शक्ति होती है-उसके नागरिकों का परस्पर विश्वास, संस्थाओं के प्रति सम्मान और संकट के समय एकजुट होकर खड़े होने की क्षमता। यदि सामाजिक ताने-बाने में अविश्वास गहरा जाए, संवाद की जगह कटुता ले ले और राजनीतिक अथवा वैचारिक मतभेद शत्रुता में बदल जाएं, तो बाहरी चुनौतियों से अधिक गंभीर संकट भीतर पैदा होने लगता है। भारत के पड़ोस में पाकिस्तान की ओर से लंबे समय से चली आ रही सुरक्षा चुनौतियां, आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता की आशंकाएं हमारी सतर्कता की मांग करती हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका सहित विभिन्न शक्तियों के साथ भारत के संबंधों में सहयोग और प्रतिस्पर्धा, दोनों के आयाम मौजूद हैं। इसलिए किसी भी देश की नीतियों का आकलन भावनाओं के बजाय तथ्यों, राष्ट्रीय हितों और कूटनीतिक विवेक के आधार पर किया जाना चाहिए। यह मान लेना उचित नहीं होगा कि प्रत्येक विदेशी शक्ति भारत को कमजोर करने के उद्देश्य से ही काम कर रही है, लेकिन यह समझना भी आवश्यक है कि वैश्विक राजनीति में हर देश अपने हितों को प्राथमिकता देता है। ऐसे समय में भारत की सबसे बड़ी सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों के हाथों में नहीं, बल्कि देश के भीतर नागरिकों के बीच कायम विश्वास में भी निहित है। कोई भी बाहरी शक्ति तभी हमारी आंतरिक कमजोरियों का लाभ उठा सकती है, जब हम स्वयं अपने मतभेदों को इतना गहरा कर लें कि एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी नहीं, शत्रु समझने लगें। इसलिए राष्ट्रीय एकता केवल भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। देश की सीमाओं की रक्षा जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी है उन सीमाओं के भीतर रहने वाले लोगों के दिलों के बीच विश्वास की दीवारों को मजबूत करना। बांग्लादेश और फ्रांस में अलग-अलग परिस्थितियों में हुए आंदोलनों तथा सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल का उल्लेख करते हुए हमें यह समझना चाहिए कि किसी भी देश में असंतोष को अनदेखा करना और असंतोष को हिंसा में बदलने देना-दोनों ही स्थितियां नुकसानदेह हो सकती हैं। जनता की वास्तविक समस्याओं को सुनना लोकतंत्र की जिम्मेदारी है, जबकि विरोध के नाम पर हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और समाज में घृणा फैलाना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। भारत जैसे विशाल और बहुलतावादी लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शिक्षा, सामाजिक न्याय और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे विषयों पर नागरिकों को प्रश्न उठाने और शांतिपूर्ण विरोध करने का पूरा अधिकार है। सरकारों का दायित्व है कि वे इन आवाजों को गंभीरता से सुनें और समाधान की दिशा में काम करें। वहीं नागरिकों और राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है कि वे जनभावनाओं का उपयोग समाज को बांटने के बजाय सकारात्मक परिवर्तन के लिए करें। लोकतंत्र में असहमति देशविरोध नहीं होती और सत्ता से प्रश्न करना राष्ट्र के प्रति अविश्वास का प्रमाण नहीं है। राष्ट्रहित की वास्तविक कसौटी यह है कि हम अपनी असहमति के बावजूद संवैधानिक मर्यादाओं और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखें। आज राष्ट्रीय एकता के सामने एक नई चुनौती डिजिटल माध्यमों के अनियंत्रित और गैर-जिम्मेदाराना उपयोग से उत्पन्न हो रही है। सोशल मीडिया ने सामान्य नागरिक को अपनी बात कहने का मंच दिया है, लेकिन इसी माध्यम से झूठी खबरें, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार की गई नकली सामग्री और आधे-अधूरे तथ्यों को भी तेजी से फैलाया जा सकता है। ऐसी सामग्री लोगों के मन में भय, आक्रोश और अविश्वास पैदा करके सामाजिक संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती है।

सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनती है, जब किसी धर्म, जाति, भाषा अथवा समुदाय के बारे में एकतरफा सामग्री फैलाकर पूरे समाज को संदेह की दृष्टि से देखने के लिए उकसाया जाता है। एक झूठा संदेश वर्षों से बने आपसी विश्वास को क्षणभर में चोट पहुंचा सकता है। इसलिए आज डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ नैतिक विवेक की भी आवश्यकता है। किसी संदेश को आगे बढ़ाने से पहले उसकी सत्यता जांचना, उत्तेजक सामग्री से बचना और असत्य फैलाने वालों का विरोध करना भी राष्ट्रसेवा का आधुनिक स्वरूप है। तकनीक तभी वरदान बन सकती है, जब उसके साथ जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना जुड़ी हो। भारत की एकता का अर्थ यह नहीं कि सभी नागरिक एक जैसा सोचें, एक जैसी पूजा-पद्धति अपनाएं अथवा सभी राजनीतिक प्रश्नों पर एकमत हों। एकता का वास्तविक अर्थ है कि अलग-अलग विचारों के बावजूद हम एक-दूसरे के सम्मान, अधिकारों और अस्तित्व को स्वीकार करें। संविधान ने हमें समान नागरिकता, धार्मिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और न्याय की जो भावना दी है, वही हमारे राष्ट्रीय सहअस्तित्व की आधारशिला है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी छोटी-छोटी पहचानों को राष्ट्रीय पहचान के विरोध में खड़ा न करें। धर्म हमें नैतिकता सिखाए, राजनीति जनकल्याण का माध्यम बने, शिक्षा विवेक पैदा करे और सामाजिक संगठन सेवा तथा समरसता को बढ़ावा दें। कोई भी विचारधारा तभी राष्ट्र के लिए उपयोगी है, जब वह समाज को बेहतर बनाने, कमजोरों को सहारा देने और नागरिकों में जिम्मेदारी का भाव जगाने में योगदान करे। राष्ट्रीय एकता की छतरी इतनी विशाल होनी चाहिए कि उसमें हर धर्म, हर भाषा, हर क्षेत्र, हर जाति और हर वैचारिक पृष्ठभूमि का भारतीय सम्मानपूर्वक खड़ा हो सके। यहां किसी की देशभक्ति का निर्णय केवल उसकी धार्मिक पहचान, राजनीतिक पसंद या वैचारिक असहमति से नहीं होना चाहिए। देश के प्रति प्रतिबद्धता का मूल्यांकन उसके आचरण, संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान और समाज के लिए किए गए योगदान से होना चाहिए। मोहन भागवत के उद्बोधन का एक महत्वपूर्ण पक्ष नागरिक जिम्मेदारी का विचार भी है। राष्ट्रनिर्माण केवल सरकारों, नेताओं, सेनाओं या सामाजिक संगठनों का काम नहीं है। प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका से देश की दिशा प्रभावित करता है। ईमानदारी से काम करना, कानून का पालन करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, महिलाओं का सम्मान करना, जरूरतमंदों की सहायता करना और सामाजिक तनाव के समय संयम बरतना-ये सभी राष्ट्रसेवा के व्यावहारिक रूप हैं। साथ ही राष्ट्रीय एकता के नाम पर अन्याय, भेदभाव अथवा नागरिकों की वास्तविक समस्याओं की अनदेखी भी नहीं होनी चाहिए। एक मजबूत राष्ट्र वह है, जहां नागरिक निर्भय होकर अपनी बात कह सकें, संस्थाएं निष्पक्षता से काम करें और हर व्यक्ति को न्याय मिलने की उम्मीद हो।

बीजेपी का लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान



राजनीति में अब लड़ाई सिर्फ चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि मतदाता सूची, चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भरोसे को लेकर भी तेज होती दिखाई दे रही है। एक तरफ विपक्ष स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा है, तो दूसरी तरफ बीजेपी ने विपक्ष के विरोध को ही कटघरे में खड़ा करते हुए एक नया अभियान शुरू करने का ऐलान कर दिया है। सवाल है कि क्या यह लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है या फिर एसआईआर के मुद्दे पर राजनीतिक नैरेटिव की जंग। बीजेपी ने इस अभियान को नाम दिया है लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ। राजस्थान में आज से 5 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के जरिए पार्टी जनता के बीच जाने, विपक्ष के आरोपों का जवाब देने और मतदाता सूची की शुचिता का मुद्दा उठाने की तैयारी में है। इसके तहत प्रदेशभर में पदयात्राएं, प्रेस कॉन्फ्रेंस, विधानसभा स्तर पर राष्ट्र चिंतन संवाद, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में युवा संवाद तथा सोशल मीडिया अभियान चलाए जाएंगे। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि बीजेपी विपक्ष के विरोध को भीड़तंत्र क्यों कह रही है। दरअसल, जब किसी संवैधानिक संस्था के फैसले पर सवाल उठाए जाते हैं, विरोध प्रदर्शन होते हैं और राजनीतिक दल सड़कों पर उतरते हैं, तो एक पक्ष इसे लोकतांत्रिक विरोध बताता है, जबकि दूसरा पक्ष इसे संस्थाओं पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में पेश करता है। बीजेपी का तर्क है कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर राजनीतिक दबाव बनाने के बजाय निर्धारित प्रक्रिया के तहत सवाल उठाए जाने चाहिए। हालांकि, शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन अपने आप में लोकतंत्र का हिस्सा हैं और केवल विरोध करने से किसी आंदोलन को भीड़तंत्र नहीं कहा जा सकता। लेकिन जब कोई विरोध, प्रदर्शन या फिर आंदोलन बिना किसी नेतृत्व के चलाया जाता है, उसे लोकतंत्र का हिस्सा नहीं कहा जा सकता। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लोगों की भीड़ को खुली छूट नहीं दी जा सकती, जैसा कि 20 जुलाई को जंतर मंतर आंदोलन के दौरान देश ने देखा। अनियंत्रित भीड़ जब अपने घोषित विरोध प्रदर्शन के दायरे से बाहर निकल कर दूसरा रास्ता अख्तियार कर ले तो प्रशासन की जिम्मेदारी बन जाती है कि वह इस अनियंत्रित भीड़ को नियंत्रित करने के तमाम उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करे। इस विवाद की गंभीरता समझने के लिए हाल की घटनाओं पर भी नजर डालनी होगी। अक्टूबर में एसआईआर को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। विपक्ष ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने और प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए सड़कों पर प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री आवास हो या फिर सर्वोच्च न्यायालय, पर संवैधानिर संस्थाओं के मुख्यालय को निशाना बनाते हुए प्रदर्शन की योजनाएं बनाई और अमल भी किया। एसआईआर के मसले पर चुनाव आयोग ने अपना पक्ष रखते हुए विपक्ष ही नहीं देश की आशंकाओं का तर्कपूर्ण तरीके से जवाब दिया, लेकिन लोकतंत्र की वकालत करने वाले विपक्ष ने उसकी मर्यादा को तार तार करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। मतदाता सूची में संशोधन का उद्देश्य मृत, दोहराव वाले और अपात्र मतदाताओं की प्रविष्टियों को दुरुस्त करना है। इस मुद्दे पर विपक्ष की याचिका के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। यानी मामला केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं, बल्कि कानूनी और संस्थागत बहस का हिस्सा भी है। अब बीजेपी इसी बहस को राजस्थान में जनअभियान का रूप देने जा रही है। 23 से 31 अक्टूबर के बीच विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले राष्ट्र चिंतन संवाद में डॉक्टर, वकील, शिक्षक, प्रोफेसर, कारोबारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं, युवाओं के बीच नागरिकता, संवैधानिक मूल्यों, चुनावी निष्पक्षता और एसआईआर पर चर्चा की जाएगी। अभियान के संचालन के लिए रामलाल शर्मा को प्रदेश संयोजक और सीताराम पोसवाल, पुनीत कर्नावट तथा भवानीशंकर शर्मा को सह-संयोजक बनाया गया है। लेकिन यहां सवाल बीजेपी से भी है। अगर मकसद मतदाता सूची को शुद्ध करना और लोकतंत्र में भरोसा मजबूत करना है, तो क्या पार्टी यह सुनिश्चित करने की मांग भी करेगी कि किसी पात्र मतदाता का नाम गलती से न कटे। और विपक्ष से भी सवाल कि अगर एसआईआर में गड़बड़ी है, तो क्या आरोपों के साथ ठोस प्रमाण और समाधान भी जनता के सामने रखे जाएंगे। क्योंकि लोकतंत्र में न तो किसी पात्र नागरिक का वोट छिनना चाहिए और न ही संवैधानिक संस्थाओं को बिना प्रमाण राजनीतिक आरोपों का निशाना बनाना चाहिए। अब देखना होगा कि बीजेपी का यह अभियान मतदाता जागरूकता का माध्यम बनता है या एसआईआर पर जारी सियासी टकराव को और तेज करता है।

धरती का सर्वाइवल एक्सपर्ट है बिच्छू



धरती पर कई ऐसे जीव पाए जाते हैं, जिनकी क्षमताएं इंसानों को हैरान कर देती हैं। इन्हीं में से एक है बिच्छू। दिखने में खतरनाक यह जीव सिर्फ अपने जहरीले डंक के लिए ही मशहूर नहीं है, बल्कि मुश्किल परिस्थितियों में लंबे समय तक जिंदा रहने की अपनी क्षमता के कारण भी बेहद खास माना जाता है। बिच्छू की सबसे हैरान करने वाली खूबियों में से एक है उसका लंबे समय तक बिना भोजन के रहना। जब उसे खाने की कमी का सामना करना पड़ता है, तो उसका मेटाबॉलिज्म काफी धीमा हो जाता है। इससे शरीर की ऊर्जा की खपत कम हो जाती है और वह लंबे समय तक उपलब्ध ऊर्जा के सहारे जीवित रह सकता है। इसी वजह से बिच्छू कई महीनों तक भोजन के बिना भी जिंदा रह सकता है। बिच्छू पानी में भी जबरदस्त सहनशक्ति दिखाता है। बिच्छू के शरीर में सांस लेने से जुड़े विशेष अंग होते हैं, जिनकी मदद से वह कठिन परिस्थितियों में अपनी श्वसन गतिविधियों को बेहद कम कर सकता है। इसी कारण उसके अंदर कुछ समय तक पानी के भीतर भी जीवित रहने की क्षमता देखी गई है। हालांकि, पानी में कितने समय तक कोई बिच्छू जीवित रह सकता है, यह उसकी प्रजाति और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसलिए छह दिनों तक बिना सांस लिए जिंदा रहने का दावा हर बिच्छू पर लागू नहीं किया जा सकता। बिच्छू की एक और दिलचस्प विशेषता है कि कई प्रजातियां अल्ट्रावायलेट रोशनी में चमकती हुई दिखाई देती हैं। अंधेरे में जब उन पर यूवी लाइट डाली जाती है, तो उनका शरीर नीले-हरे रंग की चमक जैसा दिखाई दे सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह चमक बिच्छू के बाहरी शरीर की परत में मौजूद कुछ रासायनिक यौगिकों के कारण होती है। बिच्छुओं का विकासवादी इतिहास भी काफी पुराना है। इनके पूर्वजों के जीवाश्म करोड़ों साल पुराने हैं। बदलते पर्यावरण और कठिन परिस्थितियों के बीच इनके जीवित रहने की क्षमता इन्हें प्रकृति के बेहद सफल सर्वाइवर्स में शामिल करती है। हालांकि, बिच्छू को लेकर कई बार ऐसे दावे होते रहते हैं जिनमें उसकी क्षमताओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। मसलन, हर बिच्छू का एक बार भोजन करके ठीक एक साल तक जीवित रहना या हर प्रजाति का छह दिन तक पानी के भीतर बिना सांस लिए रहना वैज्ञानिक रूप से सार्वभौमिक तथ्य नहीं माना जा सकता। फिर भी, बिच्छू की कम ऊर्जा में लंबे समय तक जीवित रहने की क्षमता, कठिन परिस्थितियों को सहने की ताकत और यूवी रोशनी में चमकने वाला शरीर उसे दुनिया के सबसे दिलचस्प जीवों में जरूर शामिल करता है। यही खूबियां बताती हैं कि प्रकृति ने अलग-अलग जीवों को परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की कितनी अद्भुत क्षमता दी है।

भारत के इस्पात उद्योग का बड़ा विजन, लेकिन कच्चे माल और प्रदूषण की चुनौती



'राष्ट्रीय इस्पात नीतिः विजन 2047' का मसौदा भारत के इस्पात उद्योग के लिए एक महत्त्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत करता है। इसका लक्ष्य कच्चे इस्पात की उत्पादन क्षमता को 2025-26 में लगभग 22 करोड़ टन से बढ़ाकर 2047 तक 60.4 करोड़ टन करना है, जिसमें उत्पादन 53.1 करोड़ टन और तैयार इस्पात की मांग 50.5 करोड़ टन रहने का अनुमान है। प्रस्तावित विस्तार का स्तर बुनियादी ढांचे और विनिर्माण क्षेत्र में इस्पात के महत्त्व को दर्शाता है। ये अनुमान लगभग 7 फीसदी की वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि और 88 फीसदी क्षमता उपयोग पर आधारित हैं।इस्पात की खपत का लगभग दो-तिहाई हिस्सा निर्माण और बुनियादी ढांचे में होने के कारण, सार्वजनिक निवेश मांग का एक प्रमुख चालक बना रहेगा। नीति में यह माना गया है कि प्रौद्योगिकी और सामग्री प्रतिस्थापन भविष्य की आवश्यकताओं को बदल सकते हैं। इसमें समय-समय पर, संभवतः हर पांच साल में अनुमानों की समीक्षा करने का प्रस्ताव स्वागत योग्य है। हालांकि, कच्चे माल की सुरक्षा एक चुनौती बनी हुई है। इस्पात निर्माण में कुल लागत का लगभग 65-70 फीसदी इसमें लगने वाली इनपुट या सामग्री का होता है, और भारत अपनी कोकिंग कोयले की लगभग 92 फीसदी जरूरत आयात से पूरी करता है। इस नीति का उद्देश्य घरेलू खनन का विस्तार करना, अयस्क संवर्धन में सुधार करना, विदेशी खनिज संपदाओं का विकास करना और आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करना है। ये आवश्यक कदम हैं, लेकिन प्रस्तावित विस्तार एक विरोधाभास भी उजागर करता है। अनुमान है कि 2047 तक कोकिंग कोयले की आवश्यकता 7.2 करोड़ टन से बढ़कर 23.6 करोड़ टन हो जाएगी, जिसमें बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस विधि की उत्पादन में 55 फीसदी हिस्सेदारी बनी रहेगा। जब तक कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों की ओर बदलाव में तेजी नहीं आती, क्षमता विस्तार से आयात पर निर्भरता बढ़ सकती है और उत्सर्जन में वृद्धि हो सकती है। इस नीति का लक्ष्य कच्चे इस्पात में प्रति टन 2.54 टन कार्बन डाइऑक्साइड की उत्सर्जन तीव्रता को घटाकर 2047 तक 1.54 टन करना है। नीति में स्क्रैप व नवीकरणीय ऊर्जा के अ?धिक इस्तेमाल के अलावा, हाइड्रोजन का उपयोग करते हुए अ?धिक से अधिक लौह अयस्क से लोहा तैयार करने और कार्बन कैप्चर यानी कार्बन को वायुमंडल में जाने से पहले ही अवशो?षित करने तथा उसके उपयोग और भंडारण पर जोर दिया गया है। नवीकरणीय ऊर्जा और भंडारण की लागत में गिरावट से स्वच्छ इस्पात निर्माण की अर्थव्यवस्था में सुधार हो सकता है। इसलिए, परियोजना मूल्यांकन में प्रतिस्पर्धी प्रौद्योगिकियों की पूरे जीवन काल की लागत से तुलना करनी चाहिए, न कि यह मान लेना चाहिए कि पारंपरिक उत्पादन सबसे सस्ता विकल्प बना रहेगा। व्यापार नीति में भी प्रतिस्पर्धात्मकता की ओर इस बदलाव पर जोर दिया जाना चाहिए। मसौदे में अनुचित आयात से सुरक्षा और अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए किफायती कच्चा माल उपलब्ध कराने के बीच संतुलन बनाने की बात सही ढंग से कही गई है। अनुचित व्यापार से होने वाला नुकसान साबित होने पर सुरक्षा उपायों को उचित ठहराया जा सकता है, लेकिन संरक्षण उत्पादकता में सुधार का विकल्प नहीं बन सकता। यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र द्वारा बाजार पहुंच को अंतर्निहित उत्सर्जन से जोड़ने के साथ, उत्पादकों को नए संयंत्रों पर निर्णय लेते समय कार्बन लागत और स्वच्छ प्रौद्योगिकी को ध्यान में रखना होगा। संभावना है कि और भी देश इसी तरह के उपाय अपनाएंगे। निर्यात की महत्त्वाकांक्षा भी अपेक्षाकृत कम लागत पर निर्भर करती है। भारत का इस्पात निर्यात 2020-21 में 1.078 करोड़ टन से घटकर 2025-26 में 66 लाख टन रह गया, जबकि नीति में 2047 तक 4.5 करोड़ टन निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विश्वसनीय गुणवत्ता, कम लागत पर तेज आपूर्ति और विदेशी बाजारों तक पहुंच आवश्यक होगी। अंत में, विशिष्ट इस्पात, अनुसंधान एवं विकास, डिजिटलीकरण और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के लिए समर्थन का आकलन परिणामों के आधार पर किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में, यह भी विचारणीय है कि क्या इस्पात उद्योग को नियोजित उत्पादन पर आधारित प्रोत्साहनों की आवश्यकता है। सफलता व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य उत्पादों, बेहतर उत्पादकता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से ही प्राप्त होगी। इसलिए, असली परीक्षा यह होगी कि क्या उद्योग लागत कम करते हुए, उत्सर्जन घटाते हुए और मूल्य श्रृंखला में ऊपर बढ़ते हुए विस्तार कर सकता है।

अब नशे के खिलाफ होगी जंग: अमित शाह



संचार जगत

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में पहली बार बिना हिंसा के चुनाव हुए। अब 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशे की समस्या से मुक्त कराने का लक्ष्य हासिल करने के लिए काम करेंगे। पुलिस स्मृति दिवस पर चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार की सभी सेवाओं में यदि कोई सेवा सबसे कठिन है, तो वह पुलिस सेवा है। गृह मंत्री ने कहा कि देश में चारों ओर शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश चुनावी हिंसा से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ा है। अमित शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने तय किया है कि इस साल के शेष महीनों और आगामी वर्षों में हम सभी मिलकर नशे के खिलाफ संयुक्त लड़ाई लड़ेंगे और 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशे की समस्या से मुक्त कराने का लक्ष्य हासिल करने के लिए काम करेंगे। यह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण लक्ष्य है। '

राजनीतिक अनुभव और मजबूत प्रत्याशी के बीच रोचक मुकाबला

संचार जगत

अजमेर। जिला परिषद की वार्ड नंबर 2 की सीट पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी सुशीला कंवर पलाड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मी कंवर के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। दोनों ही प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं। वहीं, दोनों प्रमुख दलों के नेता भी अपने-अपने प्रत्याशियों को विजयश्री दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस सीट की खासियत यह है कि जिला परिषद की वार्ड नंबर 2 की सीट सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। जिला प्रमुख का पद भी सामान्य महिला वर्ग के लिए होने के कारण इस चुनाव का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया है। ऐसे में यह मुकाबला केवल जिला परिषद सदस्य चुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि जिला प्रमुख की कुर्सी को लेकर बनने वाले राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी



सुशीला कंवर पलाड़ा पूर्व में दो बार जिला प्रमुख और एक बार विधायक रह चुकी हैं। उनके पास जिला परिषद और विधानसभा की राजनीति का अनुभव है। भाजपा को उम्मीद है कि उनका राजनीतिक अनुभव और क्षेत्र में संपर्क चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दूसरी ओर, कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मी कंवर भी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में हैं। वह मतदाताओं के बीच पहुंचकर समर्थन जुटाने में लगी हैं। दोनों प्रत्याशी एक ही समुदाय से संबंध रखती हैं, ऐसे में चुनावी समीकरण और भी दिलचस्प हो गए हैं। एक ओर अनुभवी राजनीतिक चेहरा है, तो दूसरी ओर कांग्रेस की चुनौती। जिला परिषद की वार्ड नंबर 2 की सीट पर छह ग्राम पंचायतों के 26,900 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। गांवों में चुनावी माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। प्रत्याशी मतदाताओं से संपर्क कर रही हैं और जीतने के बाद क्षेत्र के विकास, ग्रामीण समस्याओं के समाधान तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के वादे कर रही हैं। गांवों में बैठकों और जनसंपर्क के जरिए मतदाताओं को साधने की कोशिशें तेज हो गई हैं। राजस्थान में भाजपा की सरकार होने और सुशीला कंवर पलाड़ा के दो बार जिला प्रमुख तथा एक बार विधायक रहने के अनुभव को भाजपा की ताकत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मी कंवर भी मुकाबले में पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। दोनों दलों के बीच चुनावी रणनीति, जनसंपर्क और मतदाताओं तक पहुंच बनाने की होड़ लगी हुई है। फिलहाल भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अनुभव और सत्ता के समीकरणों की चर्चा हो रही है, लेकिन कांग्रेस भी अपनी जीत के दावे कर रही है। ऐसे में अंतिम परिणाम क्या होगा, यह मतदाताओं के फैसले के बाद ही स्पष्ट होगा।

रूबियो ने विरोध प्रदर्शन को देश का आंतरिक मामला बताया



संचार जगत

मुंबई । भारत दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत में विपक्ष और छात्रों के विरोध प्रदर्शनों को आंतरिक मामला बताया। अमेरिकी मीडिया से बातचीत में रूबियो ने यूएन एक्सपर्ट्स पर तंज कसते हुए भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था की तारीफ की। रूबियो ने कहा कि यूएन एक्सपर्ट्स मेरे फेवरेट हैं। यूएन एक्सपर्ट्स खुद में ही एक विरोधाभास है। उन्होंने भारत में चल रहे आंदोलन को आतंरिक मामला बताते हुए कहा कि यह एक घरेलू राजनीतिक मामला है। मैं उनकी राजनीति में शामिल नहीं होने वाला। यहां लोकतंत्र है, चुनाव होते हैं। मैं उनके घरेलू राजनीतिक मामलों पर टिप्पणी नहीं करूंगा। ऐसे तो हमारे यहां अमेरिका में हर दिन विरोध प्रदर्शन होते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मंगलवार को मुंबई पत्नी जेनेट के साथ पहुंचे थे। तय शेड्यूल के अनुसार उनकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात हुई। रूबियो ने माना कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील जल्द हो जाएगी।

उत्तराखंड के मंत्री के बर्ताव पर जताई आपत्ति

दलेर मेहंदी के समर्थन में उतरे अनुपम खेर



संचार जगत

मुंबई। दिग्गज गायक दलेर मेहंदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उत्तराखंड के मंत्री सुबोध उनियाल मंच पर उनसे बहस करते नजर आ रहे हैं। इस घटना के सामने आने के बाद अभिनेता अनुपम खेर ने दलेर मेहंदी के समर्थन में आवाज उठाई। अनुपम खेर ने मंत्री के बर्ताव पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अगर मंत्री जी को गायक के गानों या परफॉर्मेंस से कोई परेशानी भी थी, तो उन्हें सार्वजनिक मंच पर इस तरह अपमानजनक लहजे में बात नहीं करनी चाहिए थी। अनुपम खेर ने बताया कि वह दलेर मेहंदी को पिछले 20-30 सालों से जानते आ रहे हैं। उन्होंने गायक के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई, उनकी प्रोफेशनलिज्म का बचाव किया और मनोरंजन जगत के लोगों से उनके सार्वजनिक अपमान के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। मंच पर गायक से बात करने के तरीके पर सवाल उठाते हुए अनुपम खेर ने कहा कि मुझे बस इस बात का बुरा लगा कि किसी को भी किसी से इस तरह बात नहीं करनी चाहिए, खासकर खुले मंच पर। इस तरह सार्वजनिक रूप से किसी को बदनाम करना गलत है। अभिनेता ने कहा कि मनोरंजन जगत के लोगों को दलेर मेहंदी के साथ हुए बर्ताव पर बात करनी चाहिए।

सीबीआई टीम मानसा पहुंची



चंडीगढ़। नशा-विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक टीम पंजाब के मानसा शहर पहुंची। बताया जा रहा है कि यह टीम मंगलवार देर रात पहुंची और पुलिस से मामले से जुड़े दस्तावेज लिए, जिसके साथ ही केंद्रीय एजेंसी की जांच शुरू हो गई है। फोरेंसिक विशेषज्ञ, ड्रग कंट्रोलर और अन्य विशेषज्ञ जल्द ही मानसा पहुंच रहे हैं। परविंदर सिंह झोटा के परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी, जिसके बाद पंजाब सरकार ने इस केस को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया। गृह मंत्री अमित शाह ने भी मंगलवार को मानसा में पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें पूरी जांच का भरोसा दिलाया। 13 अक्टूबर को मानसा में एक मेडिकल स्टोर के अंदर झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी अश्वनी कुमार को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है।

ट्रंप को गोली मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार



संचार जगत

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को गोली मारने की धमकी देने के आरोप में 24 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान जेडेन रीड के रूप में हुई है। उसे शनिवार को कंसास के क्लियरवॉटर से गिरफ्तार किया गया। वह फिलहाल संघीय हिरासत में है और उसकी हिरासत को लेकर सुनवाई होनी है। मामले की जांच 15 अक्टूबर को मिली एक सूचना के बाद शुरू हुई थी। ट्रंप को पहले भी सुरक्षा संबंधी गंभीर घटनाओं का सामना करना पड़ा है। इस साल अप्रैल में एक बंदूकधारी शॉटगन लेकर वाशिंगटन हिल्टन होटल में व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन के रात्रिभोज के दौरान सुरक्षा जांच चौकी तक पहुंच गया था। उस घटना में ट्रंप को कोई चोट नहीं आई थी।

स्वर्ग का सपना दिखाकर 190 बच्चों को भूखा मारा

केन्या में धर्मगुरु दोषी करार; जंगल से 400 से ज्यादा शव मिले

संचार जगत

नैरोबी। केन्या में धर्म के नाम पर बच्चों को भूखा रखकर मारने के मामले में धर्मगुरु पॉल मैकेंजी और उसके करीब 30 साथियों को दोषी ठहराया गया है। रॉयटर्स को मुताबिक, मैकेंजी ने लोगों से कहा था कि दुनिया खत्म होने से पहले भूखे रहने पर वे स्वर्ग पहुंच जाएंगे। इस मामले में 190 बच्चों और एक वयस्क की मौत हुई। अब सजा 6 नवंबर को सुनाई जाएगी। मैकेंजी जिस शाकाहोला जंगल में रहता था, पुलिस को वहां सामूहिक कब्रों की जानकारी मिली। इसके बाद शव निकालने का काम शुरू हुआ। अब तक यहां 400 से ज्यादा शव मिल चुके हैं। सोमवार को अदालत ने 191 मौतों के मामले में फैसला सुनाया, जबकि बाकी मौतों की जांच अभी जारी है। मैकेंजी गुड न्यूज इंटरनेशनल चर्च के जरिए ईसाई धर्म के नाम पर एक ऐसा ग्रुप चला रहा था, जो दुनिया के खत्म होने की बात करता था। रॉयटर्स के मुताबिक, उसने लोगों को भूखा रखकर मारने की योजना तीन चरणों में बनाई थी। जज डायना कावेद्जा मोचाचे ने आठ घंटे से ज्यादा चली सुनवाई में बताया कि कुछ मामलों में बच्चों को उनके परिवारों से अलग कर दिया गया था। उन्हें खाना नहीं दिया गया, जबकि उनके माता-पिता यह सब देखते रहे। मैकेंजी फैसले के समय अदालत में मौजूद था। उसकी पत्नी भी उसके साथ बैठी थी। वह भी इस मामले में आरोपी है। 62 साल के फ्रांसिस वांजे ने इस घटना में अपने परिवार के आठ सदस्यों को खो दिया। मरने वालों में उनके दो नाती-पोते भी शामिल थे। फैसले से पहले उन्होंने रॉयटर्स से कहा कि इस घटना के कारण उनका परिवार लंबे समय से मानसिक परेशानी झेल रहा है। वे इस दिन का इंतजार कर रहे थे।



ईरान ने आसिम मुनीर को दिखाई औकात

संचार जगत

तेल अवीव। ईरान जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों में धमाके थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। उधर, अमेरिका और इजरायल ईरान पर नए सिरे से हमला करने की प्लानिंग कर रहे हैं। क्रूड ऑयल की कीमत रिकॉर्ड 110 अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने से तेल और गैस की आसमान छूती कीमतों से पहले से ही परेशान पाकिस्तान की हालत और भी खराब हो गई है। इस बीच, पाकिस?तान के फील?ड मार्शल आसिम मुनीर बीच बचाव के लिए एक बार ईरान पहुंच गए। लेकिन इस बार ईरान के सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी मोहसिन रेजाई ने आसिम मुनीर से मिलने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि एनरिच्ड यूरेनियम किसी भी हालत में पाकिस्तान से बाहर नहीं जाएगा। मुनीर अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की दिशा में प्रगति कराने के प्रयासों के तहत ईरान के दौरे पर हैं। ईरान और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष को समाप्त कराने के लिए मध्यस्थता की कोशिशों के बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को तेहरान में झटका लगा है। इस घटनाक्रम के बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने कथित तौर पर कहा है कि संघर्ष का समाधान निकालने से पहले अमेरिका को ईरान की सात प्रमुख शर्तें स्वीकार करनी होंगी। वहीं, ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मोहसेन रेजाई ने स्पष्ट किया है कि देश का अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का एक ग्राम भी बाहर नहीं भेजा जाएगा।

सड़क और भवन निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश

डीग। कलेक्टर मयंक मनीष ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न सड़क परियोजनाओं, मरम्मत कार्यों तथा निर्माणाधीन सरकारी भवनों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत पर ध्यान देने तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बहज, सहसन, जनूथर, सिनसिनी और कैथवाड़ा सहित एक अन्य अटल प्रगति पथ को जल्द पूर्ण कर लेने की जानकारी दी गई। जिला कलेक्टर ने सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को समय पर पूरा करने और उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कठोल, अजान और सांतरूक सहित अन्य सड़क कार्यों की भी समीक्षा की गई।

सूर्यास्त के बाद नहीं होगी ऊंट सफारी



संचार जगत

जैसलमेर। वन विभाग ने राष्ट्रीय मरु उद्यान की सीमा में आने वाले धोरों पर सूर्यास्त के बाद ऊंट सफारी और अन्य पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगाई है। यह पाबंदी सिर्फ डीएनपी क्षेत्र तक सीमित है। इसके बाहर स्थित लखमणा और अन्य धोरों पर पर्यटक पहले की तरह ऊंट सफारी और दूसरी पर्यटन गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। यह कदम रेगिस्तान में बढ़ते कचरे, लेजर लाइट के इस्तेमाल और वन्यजीवों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

नो पीयूसीसी-नो फ्यूल अभियान के तहत हुई सख्त कार्रवाई

बहरोड़। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सुधारने और वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से संचालित नो पीयूसीसी-नो फ्यूल अभियान के तहत परिवहन विभाग सख्त कार्रवाई कर रहा है। अभियान के अंतर्गत बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र वाले वाहनों को ईंधन उपलब्ध नहीं कराने के निर्देशों की पालना की जा रही है। इसके लिए पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उप परिवहन कार्यालय की ओर से अभियान के तहत वाहन चालकों को भी जागरूक किया जा रहा है। उन्हें अपने वाहनों का वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र बनवाने और उसकी वैधता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 435 चालान बनाए गए।

पाकिस्तान में यात्री बस पलटने से 10 की मौत, 44 घायल

संचार जगत



राजनपुर। पाकिस्तान में सड़क हादसे में 10 की मौत हो गई जबकि 44 लोग घायल हो गए। पंजाब के राजनपुर जिले की रोजहान तहसील में सिंधु हाईवे पर एक यात्री बस सड़क के डिवाइडर से टकराकर पलटने से यह हादसा हुआ। बस कराची से डेरा गाजी खान जा रही थी। मृतकों में सात पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्ची शामिल हैं। घायलों में से 38 लोगों का इलाज राजनपुर जिला मुख्यालय अस्पताल में किया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चार लोगों को डेरा गाजी खान और दो अन्य गंभीर घायलों को रहीम यार खान के शेख जायद अस्पताल रेफर किया गया।

पीएम स्कॉलरशिप योजना की नई गाइडलाइन जारी

संचार जगत




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री स्कॉलरशिप योजना के तहत अब हर साल 36 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद मिल सकती है। गृह मंत्रालय के कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड ने योजना की नई गाइडलाइन जारी की है। इस योजना के तहत लड़कियों को सालाना 36 हजार और लड़कों को 30 हजार रुपये दिए जाते हैं। यह सहायता अधिकतम पांच साल तक, कोर्स की अवधि और पात्रता के अनुसार मिल सकती है। जना का लाभ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, असम राइफल्स और राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिसकर्मियों के पात्र बच्चों को मिलता है। आतंकवादी या नक्सली हमलों में शहीद राज्य पुलिसकर्मियों के बच्चे भी इसमें शामिल हैं। आवेदन के लिए 12वीं, डिप्लोमा या ग्रेजुएशन में कम से कम 60 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल, एमबीए और एमसीए जैसे निर्धारित प्रोफेशनल कोर्स के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

कुल्लू में शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव

संचार जगत

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा शुरू हो गया है। इस साल यह उत्सव 27 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। यह उत्सव विजयादशमी के दिन से शुरू होकर 7 दिनों तक चलता है। इसकी शुरुआत भगवान श्री रघुनाथ जी की भव्य रथयात्रा और सैकड़ों देवी-देवताओं के मिलन से होती है। यह देश के अन्य दशहरा उत्सवों से बिल्कुल अलग है क्योंकि यहां रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले नहीं जलाए जाते। कुल्लू दशहरा उत्सव के लिए भगवान रघुनाथ के मंदिर में शीश नवाने के लिए



बुधवार सुबह से ही देवी-देवताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बार कुल 347 देवी-देवताओं को निमंत्रण दिया गया है। इसे देवताओं का महाकुंभ भी कहा जाता है। रघुनाथ जी कुल्लू के आराध्य देव हैं। लोग दूर-दूर से पैदल चलकर रघुनाथ जी से मिलने और अपनी बात रखने आ रहे हैं। इसे अपनी भाषा में चक्री बोलते हैं। गांव में रघुनाथ जी को ठाकुर जी बोलते हैं क्योंकि विष्णु भगवान भी ठाकुर के रूप में माने जाते हैं।कुल्लू दशहरा की शुरुआत 17वीं शताब्दी में राजा जगत सिंह के समय हुई थी, जब उन्होंने भगवान रघुनाथ की प्रतिमा को अपनी गद्दी पर स्थापित किया था। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। यहां विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में नहीं बल्कि देवी-देवताओं के मिलन उत्सव के रूप में मनाई जाती है।ढालपुर के कला केंद्र में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित होती हैं, जिनमें पारंपरिक कुल्लवी नाटी, लोक नृत्य तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होती हैं। हिमालय की गोद में बसा कुल्लू वास्तव में हिमाचल प्रदेश के मुकुट का एक अनमोल रत्न है। यहां के अद्भुत प्राकृतिक परिदृश्यों की सुंदरता, लोगों का आतिथ्य सत्कार, विशिष्ट जीवनशैली और समृद्ध संस्कृति युगों-युगों से यात्रियों को मंत्रमुग्ध करती आ रही है।

सीएम मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर तीन घंटे रोकने का दावा

संचार जगत



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर तीन घंटे रोका गया। पार्टी के मुताबिक, पेरिस से लौटने के बाद अधिकारियों ने मान का 50 हजार रुपए का चालान भी काटा। दिल्ली के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जैसे दशहरे पर रावण का घमंड खत्म हुआ था, वैसे ही केंद्र सरकार का अहंकार टूटना चाहिए। मान पेरिस में 17 से 21 अक्टूबर तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय फूड ट्रेड एग्जीबिशन में शामिल हुए थे। केंद्र के फैसले के खिलाफ मान को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने फ्रांस दौरे की परमिशन दी थी। पंजाब आप के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने इस घटना को केंद्र की ओर से मान की विदेश यात्राओं की अनुमति बार-बार रोकने से जोड़ा। विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि उनसे पूछिए कि जुर्माना किस बात पर लगाया गया।

पुलिस शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



संचार जगत

दौसा। रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस शहीद दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस दौरान कर्तव्य की वेदी पर देश की आंतरिक सुरक्षा और संप्रभुता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को शस्त्र और शीश झुकाकर नमन किया गया। पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया सहित सेवारत और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने सर्वोच्च बलिदान देने वाले 154 शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों के सम्मान में 3 राउंड फायरिंग और 2 मिनट का मौन समारोह के दौरान पुलिस सम्मान गार्ड द्वारा शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पुष्पचक्र अर्पित किए गए। शहीदों की स्मृति में रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलेभर के पुलिस अधिकारी, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा के बाद किया वृक्षारोपण



संचार जगत

कोटपूतली-बहरोड़। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में पुलिस शहीद दिवस गरिमामय तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं आमजन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। इसके बाद शोक परेड आयोजित की गई। शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर शस्त्र झुकाए गए और उन्हें सम्मानपूर्वक सलामी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मिलावटखोरों पर सीआईडी क्राइम ब्रांच का शिकंजा

8 हजार 303 लीटर संदिग्ध मिलावटी घी सीज



संचार जगत

पाली। त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। सीआईडी क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम ने फालना स्थित एक फैक्ट्री से 8 हजार 303 लीटर संदिग्ध मिलावटी घी सीज करवाया है। मौके से घी के रैपर, उपकरण और मिलावट में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी मिली है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि फालना के जादरी रीको एरिया में किसान डेयरी एंड फूड प्राइवेट लिमिटेड नाम की फैक्ट्री में अमानक केमिकल से मिलावटी घी बनाकर बाजार में सस्ते दामों पर बेचा और सप्लाई किया जा रहा है। इसके बाद वहां छापा मार कर यह कार्रवाई की।

पार्षदों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

संचार जगत



दौसा। दौसा जिला मुख्यालय की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर में बीते चार दिनों से सफाई कार्य बंद होने और नगर परिषद द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण ठप रहने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं। त्योहारी सीजन के बीच फैली दुर्गंध और अव्यवस्था को लेकर पार्षदों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त हंसा मीणा को ज्ञापन सौंपकर समस्या के त्वरित समाधान की मांग की तथा समाधान न होने पर सभापति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की दो टूक चेतावनी दी। ज्ञापन देने पहुंचे पार्षदों ने बताया कि शहर की मुख्य सड़कों, रिहायशी कॉलोनियों और बाजारों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिला मुख्यालय पर चार दिनों से झाड़ू तक नहीं लगी है और कचरा संग्रहण गाड़ियां बंद होने से लोगों के घरों में कचरा सड़ रहा है। पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर सफाई से संबंधित समस्त फाइलों को स्वीकृत कर नगर परिषद कार्यालय नहीं भेजा गया, तो सभी पार्षद लामबंद होकर सभापति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का रुख करेंगे और आंदोलन तेज करेंगे।

भाजपा की जीत विकास की गारंटी : मदन दिलावर

संचार जगत



कोटा। प्रदेश में हो रहे पंचायती चुनाव के क्रम में आज रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति खैराबाद में चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशियों के लिए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने भाजपा के प्रचार की कमान संभाली। मंत्री मदन दिलावर ने क्षेत्र के गांव-गांव जाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री दिलावर ने प्रातः 8:00 बजे नयागांव खालसा से अपना जनसंपर्क कार्यक्रम प्रारंभ किया। नयागांव खालसा के बाद खरली बावड़ी,जमुनिया, झिरी, झीलारा,बड़ोदिया अतरी,सलावद, रामपुरिया, कुटिया,पीपा खेड़ी, निमाना, मायला ,कुदायला, सातल खेड़ी, गांव सातल खेड़ी, दुर्जनपुरा, लक्ष्मीपुरा तथा कुंभकोट में छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं कर भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील की । मंत्री दिलावर ने कहा कि भाजपा की जीत विकास की गारंटी है। भाजपा का प्रधान और जिला प्रमुख बनेगा तो क्षेत्र का धड़ाधड़ विकास होगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो रामगंजमंडी क्षेत्र के विकास का इतिहास बन गया। ऐसे ऐसे काम हुए जो आप ने सोचे भी नहीं थे। अभी तो ढाई साल बाकी है। जो मांग आप रखोगे वो सब पूरी कर दी जाएगी। मंत्री ने साथ चल रहे भाजपा के प्रत्याशियों को भी हिदायत दी की जनसंपर्क के दौरान गांव वाले जो भी काम बताएं उसको नोट कर लो और मुझे बताओ, चुनाव के बाद ग्रामीणों की सभी मांगे पूरी कर दी जाएगी। जनसंपर्क के दौरान सुकेत नगर पालिका के अध्यक्ष जितेंद्र चोपड़ा, उपाध्यक्ष विकास चौहान, भाजपा सुकेत मंडल प्रतिनिधि नरेंद्र व्यास,पूर्व उप प्रधान सुनील गौतम, नगर पालिका रामगंजमंडी के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल, जिला परिषद के पूर्व सदस्य धीरज सिंह,बालिश मीणा, धीरज चेलावत,पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव,पार्षद सुधीर सुनेजा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजाराम बैरवा सहित भाजपा के चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी जिला परिषद वार्ड 9 अजय कुमार वाडिया, पंचायत समिति वार्ड 13 बंटी कुमार,जिला परिषद वार्ड 10 से दिनेश सोरनिया, पंचायत समिति वार्ड से दिलराज मीणा सहित अन्य प्रत्याशी, भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

दीपावली स्नेह मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह 15 नवंबर को

कोटा। सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति, महावीर नगर तृतीय की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह 15 नवंबर को महावीर नगर प्रथम स्थित सनाढ्य भवन में आयोजित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश टंकारिया ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज में एकता, सौहार्द और संगठन को मजबूत करना है। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी समाजहित में निष्ठा और समर्पण से कार्य करने की शपथ लेगी। उन्होंने समाजबंधुओं से परिवार सहित अधिकाधिक संख्या में समारोह में शामिल होने की अपील की।

चुनावी कार्य तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

संचार जगत



श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने पंचायती राज चुनाव के तहत जिले में तीसरे और चौथे चरण में होने वाले चुनावी कार्यों से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रकोष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित किये जाए। बैठक में कलक्टर ने समस्त प्रकोष्ठ प्रभारियों से जुड़े कार्यों की जानकारी लेते हुए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी प्रकोष्ठ अधिकारी निर्वाचन कार्यों को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करना सुनिश्चित करने और तीसरे और चौथे चरण के निर्वाचन से जुड़ी समस्त तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शुरू होगा राष्ट्रीय मेला दशहरा

संचार जगत

कोटा। प्रसिद्ध ऐतिहासिक 'राष्ट्रीय मेला दशहरा 2026' में गुरुवार से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज़ होने जा रहा है। मेले के प्रमुख आकर्षण केंद्र 'किसान रंगमंच' पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विधिवत शुरू होंगी। इस संबंध में नगर निगम की महापौर अनुसुइया गोस्वामी ने बताया कि इस वर्ष मेले में लोक संस्कृति, नृत्य और उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। महापौर अनुसुईया गोस्वामी ने बताया कि किसान रंगमंच पर राजस्थान और देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाती लोक कला एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही, बाल व युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जूनियर कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियों का भी आयोजन रखा गया है। मेला समिति और नगर निगम प्रशासन की ओर से दर्शकों के लिए बैठने, प्रकाश तथा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

ब्रह्माकुमारीज का वैश्विक शिखर सम्मेलन 23 अक्टूबर से

संचार जगत



आबूरोड। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के 90 साल पूरे होने पर अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में वैश्विक शिखर सम्मेलन शुक्रवार से शुरु होगा। इस आयोजन को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। इस शिखर सम्मेलन में विश्व के कई देशों से छह हजार से अधिक धर्म, अध्यात्म, राजनीति, समाजसेवा, पर्यावरण, विज्ञान, व्यापार और शिक्षा जगत से जुड़ी नामचीन हस्तियां जुटेंगी। इस समारोह में कई विषयों पर चर्चा की जाएगी। समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे। सम्मेलन में महाराष्ट्र के आकार फाउंडेशन की 108 महिला गायकों द्वारा आध्यात्मिक गीतों पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। सम्मेलन में ब्रह्माकुमारीज़ की 90 वर्ष की यात्रा को एक्जीबिशन के जरिए दिखाया जाएगा। साथ ही 50 से अधिक वर्षों से समर्पित रूप से सेवाएं दे रहे ब्रह्माकुमार भाई-बहनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

भाजपा सरकार और विधायक के बीच कांग्रेस बोर्ड की घेराबंदी

मुख्य बाजार की सड़क डेढ़ साल से बदहाल

संचार जगत



शाहपुरा। नगर पालिका में कांग्रेस का बोर्ड शहर के विकास को लेकर चुनौतियों का सामना कर रहा है। बोर्ड गठन के बाद से विकास कार्यों को अपेक्षित गति नहीं मिलने का मुद्दा अब खुलकर सामने आने लगा है। कांग्रेस पार्षदों ने इसे राजनीतिक दबाव से जोड़ते हुए अपनी ही नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शहर की बदहाल सड़क और मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग की है। पार्षदों का आरोप है कि राजनीतिक परिस्थितियों के चलते जरूरी विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना है कि बालाजी की छतरी से मुख्य बाजार होते हुए त्रिमूर्ति स्मारक तक की सड़क करीब डेढ़ साल से बदहाल है, लेकिन इसके निर्माण की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। मुख्य बाजार की इस सड़क से व्यापारी, दुकानदार और आमजन रोजाना गुजरते हैं, जिन्हें परेशानी का सामना केरना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेषभावना और ठेकेदारों की कथित मिलीभगत के चलते जरूरत वाले स्थानों पर सड़क निर्माण नहीं करवाकर अन्य जगहों पर कार्य किए जा रहे हैं। कलिंजरी गेट सहित अन्य स्थानों पर निर्माण कार्यों की प्राथमिकता को लेकर भी सवाल उठाए गए। पार्षदों ने मांग की कि विकास कार्यों का निष्पक्ष आकलन कर जनहित और वास्तविक आवश्यकता के आधार पर निर्णय लिया जाए।



कार की चपेट में आईं दो शिक्षिकाएं

संचार जगत

जोधपुर। धवा से पिपराली-धवा स्थित राजकीय संस्कृत विद्यालय में ड्यूटी पर जा रही दो महिला शिक्षिकाएं सड़क हादसे का शिकार हो गईं। स्कूटी पर सवार शिक्षिकाएं चित्रा और इमरती सामने से आ रही स्विफ्ट कार की चपेट में आ गईं। हादसे में घायल दोनों शिक्षिकाओं को उपचार के लिए धवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से गंभीर रूप से घायल शिक्षिका चित्रा और उनकी साथी इमरती को बेहतर उपचार के लिए जोधपुर रेफर कर दिया गया।

नाव हादसे में लापता चार युवकों के शव बरामद



संचार जगत

कोटा। कोटा जिले में एक नहर में नाव पलटने के बाद लापता हुए चार युवकों के शव दुर्घटना के लगभग 18 घंटे बाद बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि ये शव दुर्घटना वाली जगह से लगभग 100 मीटर आगे मिले। यह हादसा मंगलवार शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ। नाव पलटने से सात लोग पानी में बह गए थे, लेकिन एक महिला और नाव चलाने वाले सहित सिर्फ तीन लोग सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। बताया गया कि यह हादसा उसी दिन हुआ, जब नहर में पानी छोड़ा गया था। बताया गया कि नाव चालक हादसे के बाद मौके से भाग गया था। घटना के बाद, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी मौके पर पहुंचे थे। कोटा के जिला कलेक्टर, सिटी पुलिस अधीक्षक, उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और तहसीलदार सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी वहां मौजूद थे।

महिलाओं ने रैलियों से दिया मतदान का संदेश

संचार जगत



डीग। पंचायतीराज चुनाव के तहत जिले में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए मातृशक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत बाल विकास एवं परियोजना विभाग की महिला कार्मिकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और राजीविका से जुड़ी महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैलियों और कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। पंचायत समिति कामां क्षेत्र में महिलाओं ने मातृशक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जागरूकता रैली आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। इसी क्रम में बृजनगर और पहाड़ी क्षेत्र में भी महिलाओं ने अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करना तथा मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

सिंदूर खेला के साथ दुर्गा पूजा अनुष्ठान संपन्न

संचार जगत



जोधपुर। कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रहा पारंपरिक दुर्गा पूजा अनुष्ठान विधि-विधान, पारंपरिक सिंदूर खेला और भावभीनी विदाई के साथ संपन्न हुआ। कोलकाता से आए पुरोहितों के सान्निध्य में दशमी पूजन के पश्चात बंगाली समाज की महिलाओं ने नम आंखों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मां दुर्गा और उनके परिवार को कैलाश पर्वत के लिए विदा किया। श्रद्धालुओं ने दशमी पूजा के बाद मां को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद पारंपरिक दर्पण विसर्जन की रस्म अदा की गई। इसमें एक पात्र में जल भरकर दर्पण में मां दुर्गा के मुख का प्रतिबिंब देखा जाता है, जो प्रतीकात्मक रूप से विसर्जन का सूचक है। दर्पण विसर्जन के बाद महिलाओं ने देवी बोरॉन किया। मान्यता अनुसार, बंगाली समाज मां दुर्गा को अपनी लाडली बेटी के रूप में पूजता है, जो कुछ दिनों के लिए मायके आती हैं और फिर ससुराल लौटती हैं। महिलाओं ने पान के पत्तों से मां के आंसुओं को पोंछने की रस्म निभाई, उन्हें मिठाई खिलाई और माथे पर सिंदूर लगाकर आशीष मांगा। सफेद-लाल पाड़ की पारंपरिक साड़ियों में सजी महिलाओं ने मां दुर्गा को अर्पित सिंदूर से एक-दूसरे की मांग भरी और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। इस आयोजन में बंगाली समाज के अलावा स्थानीय महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। पारंपरिक ढाक की थाप और उलूक ध्वनि के बीच महिलाओं ने धुनुची नृत्य किया और मां की भव्य आरती उतारी। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और शांति जल ग्रहण किया। पूजन और अनुष्ठान के बाद शोभायात्रा के रूप में विसर्जन दल रवाना हुआ। मां दुर्गा, भगवान श्रीगणेश, कार्तिकेय, माता लक्ष्मी और सरस्वती की इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं को उम्मेद सागर जलाशय में पूरे सम्मान के साथ विसर्जित किया गया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर विजयादशमी की बधाई दी।

तालाब में गिरने से एक व्यक्ति की मौत

भीलवाड़ा। जहाजपुर थाना क्षेत्र के पीपलूंद गांव में खेत पर रखवाली करने गए एक किसान की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मामला पीपलूंद गांव का है। पुलिस रिपोर्ट में बताया गया कि मंगलवार सुबह पीपलूंद निवासी 45 वर्षीय अमरचंद्र रेगर अपने खेत पर कृषि कार्य और रखवाली करने गया था। इसी दौरान अचानक खेत में घुसे आवारा पशुओं को भगाने गये युवा किसान का पैर फिसलने से तालाब में गिर गया। जिसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक का खेत तालाब के किनारे होने से आवारा पशुओं को तालाब की तरफ भगाने गया था। पैर फिसलने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह तालाब के गहरे पानी में जा गिरा। तालाब के गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

दीया कुमारी ने कार्यकर्ताओं से किया एकजुट होने का आह्वान



संचार जगत

किशनगढ़। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किशनगढ़ की पंचायत समिति सिलोरा स्थित श्री बाजेड़ा बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी। दिया कुमारी ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। यदि कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी को जिताने का संकल्प ले लें, तो जीत हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव के माध्यम से विकास की कड़ी में तीसरा इंजन जोड़ने का काम करना है। दिया कुमारी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके पास न तो स्पष्ट नीति है और न ही विकास का कोई विजन। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने विकास कार्यों के साथ भविष्य की योजनाओं को भी जनता के सामने रखती है, जबकि कांग्रेस के पास बताने के लिए कुछ नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर पहुंचकर सरकार के विकास कार्यों की जानकारी देने और जनता से संवाद करने का आह्वान किया।

एशियन पैरा गेम्स : एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 50 से अधिक मेडल

नई दिल्ली/संचार जगत

एशियन पैरा गेम्स में बुधवार को भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के कुल पदकों की संख्या को 50 के पार पहुंचा दिया है। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में भारतीय धावकों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल करते हुए देश की झोली में गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक डाले। भारत के दिलीप गावित ने 10.69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिंगानकथ 10.72 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया।

100 मीटर टी47 में दिलीप गावित ने जीता गोल्ड

पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत ने एक और यादगार प्रदर्शन किया। दिलीप गावित (टी46 वर्ग) ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, जबकि मोहम्मद बेसिल मोर्सिंगनाकाथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप गावित (टी46 कैटेगरी) ने 10.69 सेकंड के शानदार समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, बेसिल (टी47 कैटेगरी) ने 10.72 सेकंड का समय निकालकर सिल्वर मेडल जीता और इस स्पर्धा में एक नया 'गेम्स रिकॉर्ड' भी बनाया। इससे पहले, दिलीप गावित एशियन पैरा गेम्स 2022 में मेंस 400 मीटर टी47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था, जो इन खेलों में भारत का ऐतिहासिक 100वां मेडल था। उन्होंने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स में भी पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश को गौरवान्वित किया।



ऊंची कूद : प्रवीण कुमार ने जीता गोल्ड

प्रवीण कुमार ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। टी64 और टी44 वर्ग के एथलीट अक्सर संयुक्त स्पर्धा में एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि विश्व पैरा एथलेटिक्स पर्याप्त प्रतियोगियों और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए निचले अंगों के वर्गों को एक समूह में रखता है। टी64 उन एथलीटों के लिए है, जो कृत्रिम निचले अंगों का उपयोग करते हैं, जबकि टी44 उन एथलीटों के लिए है, जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं लेकिन वह कृत्रिम अंगों का उपयोग नहीं करते हैं।

शॉट पुट एफ53 : आयुष वर्मा ने जीता स्वर्ण पदक


आयुष वर्मा ने बुधवार को पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थो करके पहला स्थान हासिल किया। ईरान के अलीरेजा हेमामी 8.09 मीटर के साथ दूसरे, जबकि कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कालियेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आयुष ने इससे पहले मंगलवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ53/एफ54 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। एफ53 उन एथलीटों के लिए है जिनकी धड़ और पैरों की गति अत्यधिक जबकि हाथों की पकड़ कम प्रभावित होती है। वे बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी छाती, ऊपरी पीठ और कंधों का उपयोग करके ताकत लगाते हैं।



सिमरन ने 100 मीटर दौड़ में लहराया तिरंगा

भारतीय पैरा स्प्रिंटर सिमरन शर्मा ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 वर्ग की फाइनल रेस में 12.02 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसी के साथ हीट्स में बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। इससे पहले, मंगलवार को सिमरन ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 कैटेगरी में 24.80 सेकंड का समय निकालकर गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) से समर्थित सिमरन ने 12.13 सेकंड के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2022 में इसी स्पर्धा में 12.68 सेकंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.66 सेकंड का सुधार करते हुए इसे गोल्ड में बदल दिया।

सिंधू उलटफेर से बाल बाल बची फ्रेंच ओपन के अगले दौर में



पेरिस (भाषा)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार होने से बाल बाल बची और दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी थाइलैंड की सुपनिदा केतेथोंग को हराकर अगले दौर में पहुंच गई। पूर्व विश्व चैम्पियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही सिंधू ने एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में 21.14, 8.21, 23 . 21 से जीत दर्ज की। एक अन्य महिला एकल मैच में उन्नति हुड्डा जापान की रिको गुंजी से 18. 21, 12.12, 17. 21 से हारकर बाहर हो गई। आयुष शेट्टी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए किदांबी श्रीकांत को एक घंटे से कम समय में 19-21, 21-16, 21-12 से हराकर पुरुष एकल के अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने जापान के विश्व नंबर नौ कोडाई नाराओका को शुरुआती दौर में वॉकओवर दे दिया।

भारत ने 2022 में खेला था न्यूजीलैंड में टी20 मैच

सिर्फ 2 दिन के अभ्यास के साथ न्यूजीलैंड दौरे का आगाज आज से

नई दिल्ली/संचार जगत

पिछली दो टी20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था।

भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ 4 बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी20 खेल चुके हैं, जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है।



अय्यर के सामने कड़ी चुनौती

अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है।

पंड्या-बुमराह टीम से बाहर

भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे। सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी।

टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल? शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार , वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन , जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।

मैच का समय : दोपहर 12 . 30 से ।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे म्हारे सात पहलवान



नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय कुश्ती संघ ने आगामी सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय फ्री कुश्ती टीम का ऐलान कर दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 प्रतिभाशाली पहलवानों का चयन किया गया है। इसमें 57 किलोग्राम में झज्जर के राहुल देशवाल, 61 किलोग्राम में दिल्ली के निखिल, 65 किलोग्राम में चरखी दादरी के सुजीत कलकल, 70 किलोग्राम में हिसार के विशाल कालीरमन, 74 किलोग्राम में पानीपत के सागर जागलान, 79 किलोग्राम में उत्तर प्रदेश के सौरभ यादव, 86 किलोग्राम में झज्जर के पुष्पेंद्र, 92 किलोग्राम में रोहतक के सचिन, 97 किलोग्राम में रोहतक के विक्की हुड्डा और 125 किलोग्राम में पंजाब के जसपूरन सिंह का चयन हुआ है। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

टीवी मसाला



शादी के लिए सालभर विजय के पीछे पड़ी थीं रश्मिका

नई दिल्ली। 'कॉफी विद करण' के दूसरे एपिसोड में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मेहमान बन कर पहुंचने वाले हैं। शो के हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में कपल ने निजी जिंदगी से जुड़े कई खुलासे किये। उन्होंने बताया कि दोनों में से शादी के लिए कौन किसके पीछे पहले पड़ा था। 'कॉफी विद करण' के नवीन सीजन के दूसरे एपिसोड में फैंस के दिलों पर राज करने वाला कपल गेस्ट के रूप में पहुंचा। रश्मिका और विजय से करण ने पूछा कि शादी के लिए किसने पहल की। इस पर विजय ने हंसते हुए कहा कि रश्मिका ने उनसे पूछा कि चलो शादी करते हैं। एक्ट्रेस ने 100 बार उनसे यह सवाल किया था। इस पर रश्मिका ने कहा वह लगभग एक साल तक शादी के लिए विजय के पीछे रहीं। वहीं, जब रश्मिका से पूछा गया कि उन्हें किसके साथ काम करके ज्यादा मजा आया? अल्लू अर्जुन या रणबीर कपूर.. तो अभिनेत्री ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का नाम लिया। वहीं, जब करण ने विजय से पूछा कि रश्मिका के अलावा आपकी जोड़ी किस अभिनेत्री के साथ अच्छी लगती है? तो रश्मिका ने जवाब दिया- कोई नहीं। इस पर विजय बोले- शादी का पहला नियम है कि अपनी पत्नी से सहमत रहें। बता दें कि यह एपिसोड इस बुधवार को प्रसारित होगा। मशहूर साउथ स्टार्स विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को शादी के बंधन में बंधे। दोनों का यह बेहद निजी विवाह समारोह राजस्थान के उदयपुर में में संपन्न हुआ। इस शादी में सुबह तेलुगु रीतिरिवाज से फेरे हुए, वहीं शाम को रश्मिका के गृहनगर की कोडवा परंपरा निभाई गई।

रामलीला में शिल्पा बनीं माता सीता

नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शिल्पा शिंदे माता सीता के किरदार में मंच पर



डायलॉग बोलती नजर आ रही हैं। शिल्पा इस सीन में वनवास वाला सीन करती नजर आ रही हैं। भगवा साड़ी में शिल्पा इस किरदार में बेहद इम्प्रेसिव लग रही हैं। इस सीन में आप देखेंगे कि मां सीता यानी कि शिल्पा शिंदे लक्ष्मण से कह रही हैं कि वे जंगल में जाकर श्रीराम को ढूंढकर लाएं लेकिन लक्ष्मण जो भाभी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं वह जाने से इंकार कर देते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर जानकारी दी गई है कि यह दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट शालीमार बाद वाली रामलीला है। यह रामलीला काफी ऐतिहासिक मानी जाती है और इसके आयोजन काफी बड़े स्तर पर किया जाता है। टीवी स्टार्स कई बार इस रामलीला का हिस्सा बनते नजर आते हैं। काम के मोर्चे पर अगर बात करें तो हाल में शिल्पा शिंदे ओटीटी पर आए रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में नजर आई थीं।

स्पिरिट की नई रिलीज डेट जारी रामायण 2 से टकराएगी

नई दिल्ली। प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है। खासतौर पर दीपिका पादुकोण संग निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के विवाद के बाद इस फिल्म की काफी चर्चा में है। पहले इस फिल्म में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली थीं, लेकिन कुछ विवादों के बाद अभिनेत्री इस प्रोजेक्ट से अलग हो गईं और फिल्म में उनकी जगह तृप्ति डिमरी ने ले ली। इस साल की शुरुआत में एक पोस्ट साझा करते हुए मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया था, जिसके अनुसार फिल्म 27 मार्च 2027 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ वजहों से इसकी रिलीज पोस्टपोन कर दी गई और अब मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है, जिसके अनुसार फिल्म 2027 में रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर लेगी। रविवार, 18 अक्टूबर को संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' के लिए एक नई रिलीज डेट की घोषणा की और फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया। नए पोस्टर में सिर पर हैट पहने प्रभास नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने 'स्पिरिट' की रिलीज डेट 29 अक्टूबर 2027 तय की है, यानी फिल्म दिवाली के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी दौरान रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' भी रिलीज होने वाली है। यानी बड़े पर्दे पर अब प्रभास / रणबीर कपूर देखने को मिल सकता है। इससे पहले यह फिल्म 5 मार्च 2027 को रिलीज होने वाली थी। 'एनिमल' के डायरेक्टर ने रविवार को फैंस को एक हिंट दिया। उन्होंने बताया कि वे 'स्पिरिट' फिल्म से प्रभास का एक नया लुक और फिल्म की नई रिलीज डेट सामने लाने वाले हैं और उन्होंने ऐसा ही किया।





रेड कार्पेट पर कोचर गाउन से जीता का दिल

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने थोड़ा वक्त निकाल कर 'एनुअल एकेडमी म्यूजियम गाला' में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। रेड कार्पेट पर उन्होंने एक बेहतरीन कॉउचर गाउन पहना था, जिसमें उनका अंदाज बेहद ग्लैमरस और आकर्षक लग रहा था। जहां इस शाम कई बड़े सितारे शानदार परिधानों में नजर आए, वहीं प्रियंका का लुक सबसे अलग था। अभिनेत्री ने शैंपेन-गोल्ड रंग का साटन गाउन पहना था, जिसमें एक खास ऑफ-शोल्डर नेकलाइन थी। यह उनके कॉलरबोन को बहुत खूबसूरती से उभार रही थी। गाउन का मुलायम कपड़ा उनके शरीर पर बहुत ही नजाकत से लिपटा हुआ था। यह उनके फिगर को एक बेहतरीन आकार दे रहा था। गाउन नीचे की तरफ फर्श तक लंबा था और पीछे की ओर एक हल्की 'ट्रेल' भी थी। नेकलाइन पर लगे नाजुक सुनहरे काम और चेन जैसी डिटेलिंग ने गाउन की चमक को और निखार दिया। प्रियंका ने अपने लुक को पूरा करने के लिए गले से सटा हुआ एक चमकदार डायमंड नेकलेस पहना, जो इस सुनहरे रंग के साथ बहुत जंच रहा था। इसके साथ उन्होंने एक शानदार घड़ी और कुछ साधारण अंगूठियां पहनी थीं, ताकि पूरा ध्यान उनके गाउन के अनोखे डिजाइन पर ही रहे। मेकअप और स्टाइल की बात करें तो, प्रियंका ने एक ग्लैमरस और सधा हुआ लुक चुना। उनकी आंखों को हल्का और सुंदर रूप दिया गया था, होंठों पर न्यूड शेड की लिपस्टिक थी और उनका चेहरा एकदम दमक रहा था। उनके गहरे रंग के बाल खुले थे और एक तरफ से पार्ट किए गए थे, जो उनके कंधों पर गिरते हुए गाउन की खूबसूरत नेकलाइन के साथ बहुत अच्छे लग रहे थे। काम की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन हैं। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। यह फिल्म 7 अप्रैल 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



गरबा स्पेशल गानेः 'नगाड़ा संग ढोल' से 'कमरिया' तक

नवरात्रि की असली रौनक हैं बॉलीवुड के ये सुपरहिट गाने


नई दिल्ली। नवरात्रि का त्योहार लगभग खत्म होने को है। हालांकि, इसके बावजूद भी देशभर में हर तरफ गरबा और डांडिया की धूम देखने को मिल रही है। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर, ढोल की थाप और बेहतरीन गानों के साथ इस त्योहार का जश्न मना रहे हैं। कोई खास त्योहार हो और उसमें बॉलीवुड के गाने न बजे ऐसा तो हो ही नहीं सकता। हिंदी सिनेमा ने हर मौके के लिए लोगों को शानदार गाने दिए हैं। अब आप गरबा को लेकर ही देख लीजिए। बॉलीवुड की अलग-अलग फिल्मों में ऐसे कई गाने हैं, जिनको गरबा नाइट पर बजाकर थिरका जा सकता है।

ढोली तारो ढोल बाजे

फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' का गाना 'ढोली तारो ढोल बाजे' बॉलीवुड के सबसे फेमस गरबा गीतों में गिना जाता है। ऐश्वर्या राय बच्चन और सलमान खान पर फिल्माए गए इस गाने में पारंपरिक गुजराती संगीत, ढोल की दमदार थाप और भव्य डांस का ऐसा मेल देखने को मिलता है, जो दर्शकों को सीधे गरबा के माहौल में पहुंचा देता है। इस गाने की खासियत सिर्फ इसकी तेज लय नहीं, बल्कि इसकी प्रस्तुति भी है। ट्रेडिशनल ड्रेस, ग्रुप डांस और एनर्जी इसे नवरात्रि के लिए खास बनाते हैं। यही वजह है कि रिलीज के वर्षों बाद भी यह गाना गरबा और डांडिया आयोजनों में खूब सुनाई देता है।

घणी कूल छोरी

फिल्म 'रश्मि रॉकेट' का गाना 'घणी कूल छोरी' तापसी पन्नू पर फिल्माया गया है। इस गाने में पारंपरिक गुजराती रंग के साथ मॉडर्न म्यूजिक का भी अच्छा मेल देखने को मिलता है। इसकी धुन और बीट्स काफी जोशीली हैं, जो लोगों को डांस करने के लिए उत्साहित करती हैं। नवरात्रि के दौरान गरबा और डांडिया की प्लेलिस्ट में यह गाना एक अच्छा विकल्प है। पारंपरिक अंदाज और नए जमाने के संगीत का मेल इसे बाकी गानों से थोड़ा अलग बनाता है।



चोगाड़ा : फिल्म 'लवयात्री' का गाना 'चोगाड़ा' गरबा के सबसे पसंदीदा गानों में से एक है। आयुष शर्मा और वरीना हुसैन पर फिल्माया गया यह गाना अपनी धुन और बीट्स के लिए काफी मशहूर है। इसकी खास बात यह है कि इस पर गरबा करना आसान है और नए लोग भी इसके स्टेप्स जल्दी सीख सकते हैं। यही वजह है कि नवरात्रि में कॉलेज से लेकर सोसायटी और बड़े गरबा पंडालों तक, यह गाना खूब बजता है।

शुभारंभ

फिल्म 'काई पो चे!' का गाना 'शुभारंभ' नवरात्रि और त्योहारों के माहौल के लिए काफी पसंद किया जाता है। इसके नाम का मतलब ही है किसी अच्छे काम की शुरुआत। गाने की धुन में गुजराती संगीत का रंग है, जो इसे खास बनाता है। नवरात्रि में यह गाना बजते ही लोगों का उत्साह बढ़ जाता है। इसकी खास बात यह है कि यह सिर्फ डांस करने के लिए ही नहीं, बल्कि त्योहार की खुशी और अपनों के साथ जश्न मनाने का एहसास भी कराता है।

कमरिया

फिल्म 'मित्रों' का 'कमरिया' भी नवरात्रि की कई प्लेलिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। जैकी भगनानी और कृतिका कामरा पर फिल्माया गया यह गाना अपनी चुलबुली धुन और जोशीली प्रस्तुति के लिए जाना जाता है। इस गाने में गरबा के पारंपरिक संगीत के साथ नए जमाने के म्यूजिक का भी मेल है। यह पूरी तरह पारंपरिक गरबा गीत नहीं है, लेकिन इसकी धुन और तेज बीट्स लोगों को नाचने पर मजबूर कर देती हैं। यही वजह है कि नवरात्रि की गरबा नाइट में भी यह गाना खूब पसंद किया जाता है।

उड़ी उड़ी जाए : फिल्म 'रईस' का 'उड़ी उड़ी जाए' एक ऐसा गाना है, जो रोमांस और गुजराती उत्सव के रंगों को खूबसूरती से जोड़ता है। शाहरुख खान और माहिरा खान पर फिल्माया गया यह गाना अपनी मधुर धुन और पारंपरिक माहौल के कारण फेमस हुआ। इस गाने की धुन काफी मधुर है, जिस पर लोग आसानी से गरबा कर सकते हैं। तेज बीट्स वाले गानों के बीच यह गीत माहौल में मिठास और रंग भर देता है। यही वजह है कि नवरात्रि के दौरान लोग इसे सुनना और इस पर डांस करना पसंद करते हैं।

ढोलिडा : फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का गाना 'ढोलिडा' आजकल के मशहूर गरबा गानों में से एक है। आलिया भट्ट ने इस गाने में शानदार डांस किया है, जो लोगों को काफी पसंद आया। ढोल की तेज थाप और गरबा के पारंपरिक स्टेप्स इस गाने को खास बनाते हैं। नवरात्रि में इस गाने पर गरबा करने का अपना ही मजा है। इसकी धुन सुनते ही लोग झूमने लगते हैं और पूरा माहौल उत्साह से भर जाता है।

खबर संक्षेप

लेह में सबसे अधिक ऊंचाई पर उच्च न्यायालय पीठ ने नियमित सुनवाई शुरू की

लेह। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी और न्यायमूर्ति संजय परिहार ने बुधवार को यहां पहली नियमित खंडपीठ की अध्यक्षता की। समुद्र तल से 11,500 फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित, उच्च न्यायालय की नई स्थापित लद्दाख पीठ ने बुधवार से मामलों की नियमित सुनवाई शुरू की। दिन की शुरुआत खंडपीठ की सुनवाई के साथ हुई।

लुधियानाः पार्किंग विवाद में पंचकूला के युवक की हत्या

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना शहर के ताजपुर रोड इलाके में पार्किंग को लेकर दो गुटों के बीच हुए विवाद के दौरान 31 वर्षीय एक वाहन चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान पंचकूला निवासी दिलबारा सिंह उर्फ हैरी के रूप में हुई है। वह पिछले कुछ महीने से अपनी पत्नी राजविंदर कौर के साथ लुधियाना में रह रहा था। शुरुआती जांच में पता चला है कि मंगलवार रात हुई हिंसा की वजह कार खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद था।

मुंबई में इंजीनियरिंग के छात्र ने आत्महत्या की

मुंबई। मुंबई में सरकार द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईसीटी) के द्वितीय वर्ष के एक इंजीनियरिंग छात्र ने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नासिक के रहने वाले सिद्धेश पाटिल का अवसाद का इलाज चल रहा था। उन्नीस वर्षीय छात्र ने मंगलवार रात अपने मनोचिकित्सक को संदेश भेजकर आत्महत्या के विचार आने की बात कही थी। चिकित्सक ने तुरंत पाटिल के परिजनों को इसकी जानकारी दी।

पत्नी ने पहले गला घोंटा फिर सिलबट्टे से कूचकर की हत्या

मेरठ के नीले ड्रम कांड के बाद उन्नाव में 'बक्सा कांड'

नई दिल्ली/संचार जगत



मेरठ में नीले ड्रमकांड के बाद उन्नाव में बक्सा हत्याकांड सामने आया है। मंगलवार दोपहर महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की सिलबट्टे से सिर कूचकर हत्या की। इसके बाद शव को बक्से में भरकर 15 किमी दूर सदर क्षेत्र के ललऊखेड़ा में उन्नाव-लालगंज हाईवे की सर्विस लेन पर फेंक दिया। शव को जिस लोडर से बक्से को लाया गया, सीसी कैमरों की मदद से पुलिस ने उसे पकड़ा और आरोपितों को बेनकाब कर दिया। हत्यारोपित महिला पहले पति को छोड़ने के बाद इस युवक के साथ आठ साल से पत्नी बनकर गंगाघाट क्षेत्र में रह रही है। पुलिस ने हत्यारोपित महिला, उसके प्रेमी, मददगार एक यू-ट्यूबर व लोडर चालक को हिरासत में लिया है। बक्से को लोडर में लदवाने वाले मजदूरों की तलाश की जा रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को कोतवाली सदर क्षेत्र में रायबरेली-उन्नाव राजमार्ग पर हेल्थ हॉस्पिटल के सामने सड़क किनारे एक बड़ा बक्सा पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने बक्सा खुलवाया तो उसमें चादर और कंबल में लिपटा शव मिला।



काशी में चिनूक गंगा को छूकर उड़ा

काशी। काशी में एयरफोर्स के 94वें स्थापना वर्ष पर एयर शो किया जा रहा है। वाराणसी में बुधवार को बैंड रिहर्सल हुआ। काशी में चिनूक हेलिकॉप्टर गंगा नदी को छूकर उड़ा। कमांडोज नमो घाट पर हेलिकॉप्टर से कूज पर उतरे। राफेल और सुखोई जैसे 52 लड़ाकू विमानों की गर्जना से नमो घाट गूंज उठा।

राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर थरूर बोले-मैं ट्रैवल एजेंट नहीं

कांग्रेस सांसद बोले-सभी की अपनी-अपनी जिम्मेदारियां होती हैं

नई दिल्ली/संचार जगत

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ नयी दिल्ली में विपक्षी दलों के प्रदर्शन के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की विदेश यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि वह कोई "ट्रैवल एजेंट नहीं हैं"। थरूर की यह टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राहुल की विदेश यात्रा की आलोचना किए जाने के बाद आई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान "झूठ बोल बोलकर" थक जाने के बाद राहुल छुट्टियां मनाने के लिए विदेश चले गए हैं। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर केरलम की राजधानी तिरुवनंतपुरम में थे, जहां संवाददाताओं ने उनसे पूछा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन जारी रहने के बीच राहुल विदेश क्यों गए हैं। थरूर ने कहा कि मैं कोई ट्रैवल एजेंट नहीं हूं। मुझसे यह सवाल पूछने का कोई मतलब नहीं है। मैं दिल्ली छोड़कर यहां क्यों आया? हर व्यक्ति की अपनी कुछ जिम्मेदारियां होती हैं। इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।"

- भाजपा का दावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वियतनाम गए हुए हैं
- भाजपा ने राहुल का फ्लाइट के अंदर का वीडियो शेयर किया था



जिस तरह से भारत में प्रवासी पक्षी आते हैं, वैसा ही राहुल का बर्ताव



उनकी आदत ऐसी हो गई है कि यहां आकर झूठ बोलो लोगों को फिर भड़काओ

अराजकता का वातावरण बनाओ फिर बाहर भाग जाओः गौरव वल्लभ

भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने कहा कि जिस तरह से भारत में प्रवासी पक्षी आते हैं, वैसा ही बर्ताव राहुल गांधी का है। राहुल गांधी भारत के 'माइग्रेंट राजनेता' हैं। जैसे ही 2-4 दिनों की भागादौड़ी होती है तो वे आराम करने सुदूर क्षेत्र में चले जाते हैं... राहुल गांधी को एक जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष की तरह बर्ताव करना चाहिए। उनकी आदत ऐसी हो गई है कि यहां आकर झूठ बोलो, लोगों को भड़काओ, अराजकता का वातावरण बनाओ और फिर बाहर भाग जाओ...दीपावली के बाद वे फिर आएंगे और 4-5 दिनों तक लोकतंत्र को कमजोर करने का काम करेंगे, संविधान को कमजोर करने का काम करेंगे और फिर वे बाहर चले जाएंगे...राहुल गांधी भारतीय राजनीति के साइबेरियन सारस हैं।

राहुल बिना चुनाव के सत्ता परिवर्तन की सीख लेने विदेश जाते हैंः संबित पात्रा



भुवनेश्वर। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वह बिना चुनाव के सत्ता परिवर्तन लाने की साजिश रच रहे हैं और इसके लिए विदेश में सलाह ले रहे हैं। पात्रा ने यहां प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ₹राहुल गांधी पहले कई बार विफल हो चुके हैं। उन्हें फिर से लॉन्च करने के लिए देश में अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। पात्रा ने आरोप लगाया कि राहुल विदेश यात्रा करते हैं ताकि अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस और उनके सहयोगियों से इस बात पर मार्गदर्शन ले सकें कि भारत को कैसे अस्थिर किया जाए।



चेन्नई बारिश से बेहाल, सबवे से जल निकासी कराई गई

शहर में 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश

नई दिल्ली/संचार जगत

चेन्नई नगर निगम ने रातभर हुई भारी बारिश के बाद सबवे और प्रमुख बस मार्गों पर हुए जलभराव को बुधवार सुबह तक साफ कर इन्हें वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया। जीसीसी आयुक्त जीएस समीरन ने यह जानकारी दी। चेन्नई में बुधवार सुबह भी बारिश जारी रही। शहर में पिछले 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश हुई। बारिश का सबसे अधिक असर दक्षिण चेन्नई में रहा। कोडम्बाक्कम, वलसरवक्कम, वेलाचेरी, अलंदूर और अड्यार समेत मध्य चेन्नई के कुछ हिस्से भी प्रभावित हुए। सभी 420 बस मार्ग भी आवाजाही के लिए खुले हैं। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने नगर निकाय को निर्देश दिया है कि वे तुरंत कार्रवाई करें।

बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर 9 राज्यों में अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में लचल ने फिर देश के 9 राज्यों की टेंशन बढ़ा दी है। बंगाल की खाड़ी में नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की स्थिति है। दक्षिण-पश्चिम अरब सागर में सक्रिय निम्न दबाव क्षेत्र और 24 अक्टूबर से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला संभावित पश्चिमी विक्षोभ भी अहम है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , मध्य प्रदेश , गोवा और महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ बारिश संभावित है।

SIR के खिलाफ प्रोटेस्ट में शामिल होंगे निर्मला के पति

23 अक्टूबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में जाने-माने अर्थशास्त्री प्रभाकर करेंगे दिपके के साथ मंच साझा



नई दिल्ली, आरएनएन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति और जाने-माने राजनीतिक अर्थशास्त्री पराकला प्रभाकर कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके और अभिनेता-कार्यकर्ता प्रकाश राज के साथ एक मंच साझा करने जा रहे हैं। अगामी 23 अक्तूबर को होने जा रहे इस प्रोटेस्ट में को एसआईआर के खिलाफ आयोजित किया जा रहा है।

इस देश व्यापी प्रदर्शन को पीपल अगेंस्ट एसआईआर गठबंधन की ओर आयोजित किया जा रहा है। इसमें कई कार्यकर्ता, राजनीतिक हस्तियां और जाने-माने लोग एक साथ आएंगे, जो एसआईआर को रद्द करने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करेंगे। इस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील करते हुए सरकार के प्रखर आलोचक रहे पराकला प्रभाकर ने एक्स पर पोस्ट किया। हर गली में जंतर-मंतर! शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2026। लोकतंत्र की बहाली के लिए जन मार्च। आइए, इस चुनौती का सामना करें। इस प्रदर्शन में आइसा की अध्यक्ष नेहा बोरा, सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके समेत कई एक्टिविस्ट शामिल होंगे।

देश में आंतरिक सुरक्षा के तीन हॉटस्पॉट अब शांत

नई दिल्ली/संचार जगत



कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सलवाद पर शाह का बड़ा बयान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश ने आंतरिक सुरक्षा की तीन बड़ी चुनौतियों- कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद से निपटने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

पुलिस स्मृति दिवस पर नई दिल्ली में बोलते हुए उन्होंने इन क्षेत्रों को अब शांत बताया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, हाल के वर्षों में देश ने कई चुनौतियों का सामना किया है। इनमें तीन ऐसी बड़ी समस्याएं शामिल थीं, जिन्हें हमने दशकों तक झेला और जो हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील इलाके माने जाते थे। कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित पूरा क्षेत्र। आज, ये तीनों इलाके शांत हैं। यहां विकास के लिए अनुकूल माहौल बना है और ये क्षेत्र अब विकास के मामले में देश के बाकी हिस्सों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगाई जा चुकी है। कई समझौतों और हजारों लोगों द्वारा हथियार डालने के बाद पूरा पूर्वोत्तर शांति की ओर बढ़ रहा है।

शिवा हत्याकांडः श्रद्धा-रश्मि 24 तक ट्रांजिट रिमांड पर

नागपुर। लखनऊ के शिवा शर्मा हत्याकांड में उत्तर प्रदेश पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मुख्य आरोपी श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश को नागपुर जिला और सत्र अदालत से 24 अक्टूबर तक के लिए 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है। कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद यूपी पुलिस अब तीनों आरोपियों को सड़क मार्ग से नागपुर से लखनऊ लेकर रवाना हो गई है। बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे नागपुर जिला कोर्ट में मजिस्ट्रेट एस.डी. कामत की अदालत में तीनों आरोपियों को पेश किया गया। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस ने अदालत के सामने आरोपियों की ट्रांजिट रिमांड की मांग रखी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

- नागपुर से लखनऊ के लिए लेकर रवाना हुई उप्र पुलिस

लखनऊ का यह है मामला

9 अक्तूबर को लखनऊ के अवध ग्रीन अपार्टमेंट में कारोबारी शिवा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शिवा संदिग्ध हाल में फ्लैट से नीचे गिर गया था। मृतक शिवा के परिवार ने उसकी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा दुबे पर आरोप लगाए थे।

केरलम में कुपोषण से दो वर्षीय बच्चे की मौत, मां-बाप होगा केस

अलप्पुझा (केरलम)। केरलम के अलप्पुझा में कथित तौर पर गंभीर कुपोषण के कारण दो साल के बच्चे की मौत हो गई। अधिकारियों ने 2022 से कई बार बच्चे और उसके भाई-बहनों को बचाने की कोशिश की थी, लेकिन माता-पिता के विरोध के कारण सफल नहीं हो सके। बच्चा 18 अक्टूबर को घर में मृत पाया गया था। डॉक्टरों के अनुसार, वह खून की गंभीर कमी और कुपोषण से पीड़ित था। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री बिंदु कृष्णा ने मंगलवार को बच्चे के घर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि मृत बच्चे के माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

सीबीआई ने पंजाब के झोटा केस में एफआईआर दर्ज की

नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब के मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच अपने हाथ में ले ली है और सभी पहलुओं की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक टीम राज्य में पहुंच गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने औषधि नियंत्रक, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और वस्तु एंव सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों को शामिल करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया है, जो मंगलवार रात मानसा पहुंची और पुलिस से मामले से जुड़े दस्तावेज सौंपने का औपचारिक

पीजीआईएमईआर में होगा पोस्टमार्टम

झोटा के शव का पोस्टमार्टम चंडीगढ़ स्थित स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) में विशेषज्ञों की टीम करेगी जबकि मजिस्ट्रेट की ओर से चंडीगढ़ में पंचनामा भरा जाएगा।

डीएसपी और ड्रग इंस्पेक्टर सस्पेंड

पंजाब सरकार ने मंसा सब-डिवीजन के डीएसपी हरजिंदर सिंह गिल और ड्रग इंस्पेक्टर नरेश को निलंबित कर दिया है। इससे पहले इस मामले में एसएचओ बियंत कौर को भी सस्पेंड किया जा चुका है।

गायक दलेर मेहंदी विवाद ने पकड़ा तूल, समर्थन में उतरे कलाकार

नई दिल्ली/संचार जगत

उत्तराखंड में कार्यक्रम के दौरान अपेक्षा के अनुरूप प्रस्तुति नहीं देने पर राज्य के मंत्री सुबोध उनियाल की ओर से दिग्गज गायक दलेर मेहंदी की तीखी आलोचना किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया। प्रदेश कांग्रेस ने मंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की। मेहंदी रविवार शाम को टिहरी शहर में आयोजित सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले में प्रस्तुति दे रहे थे। उनियाल अचानक मंच पर पहुंचे और ऊंची आवाज में उनसे पूछा कि क्या वह नशे में हैं। दलेर मेहंदी से मेरी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है और न ही मेरा उन्हें ठेस पहुंचाने का कोई इरादा था।

अनुपम खेर बोले- दलेर शराब नहीं पीते

इससे पहले, अभिनेता अनुपम खेर, स्टैंड-अप कॉमेडियन वीर दास, गायकों शान, पलाश सेन, गुरदास मान तथा अलीशा चिनॉय ने कहा कि दलेर मेहंदी पिछले तीन दशकों से संगीत जगत में सक्रिय हैं, उनकी तबीयत ठीक नहीं है, वह शराब नहीं पीते और उनके साथ अधिक सम्मान से पेश आना चाहिए था। गायिका सोना महापात्रा ने कहा कि किसी दिग्गज कलाकार को जीवनभर के योगदान के लिए सम्मान, सहानुभूति व आभार मिलना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि दर्शक भी ईमानदार प्रस्तुति के हकदार हैं।

वाहन से टक्कर की घटना में सांसद ने गंवाए दोनों पैर

नई दिल्ली/संचार जगत

ऑस्ट्रेलिया की निर्दलीय सांसद हेलेन हेन्स की टोयोटा लैंड क्रूजर एसयूवी की चपेट में आने के बाद उनके दोनों पैर काटने पड़े हैं। उनके पति फिल हेन्स ने बुधवार को बताया कि विक्टोरिया राज्य के वांगाराटा शहर में सोमवार को सांसद के कार्यालय के बाहर हुई इस भयानक घटना के कारण उनके दोनों पैर काटने पड़े।



उन्होंने कहा कि हेन्स की मदद करने के इच्छुक शुभचिंतक सेव द चिल्ड्रेन फंड में योगदान दे सकते हैं। इससे पहले बुधवार को विक्टोरिया पुलिस के प्रमुख आयुक्त माइक बुश ने बताया कि हेन्स की हालत स्थिर, लेकिन गंभीर बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि सांसद को बहुत अच्छी देखभाल मिल रही है। हेन्स का मेलबर्न के अल्फ्रेड अस्पताल में इलाज जारी है। विक्टोरिया राज्य के वांगाराटा शहर में सोमवार दोपहर उनके कार्यालय के बाहर टोयोटा लैंड क्रूजर एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी थी। पुलिस ने सांसद पर हमले के आरोप में ब्रेंडन नूजेंट (43) को गिरफ्तार किया है।

बैंकॉक- मुंबई की एअर इंडिया की फ्लाइट लौटी

एक भारतीय यात्री ने किया था हंगामा

नई दिल्ली/संचार जगत

बैंकॉक से मुंबई आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 2338 को एक भारतीय यात्री के हंगामे के कारण लौटना पड़ा। विमान ने बुधवार रात 8:20 बजे बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। इसके बाद यात्री के अजीब व्यवहार के चलते पायलट ने विमान वापस ले जाने का फैसला किया।

विमान रात 10:40 बजे बैंकॉक एयरपोर्ट पर उतर गया। विमान में सवार यात्री ने बताया कि विमान में सवार एक भारतीय यात्री अजीब तरीके से पेश आ रहा था और हंगामा कर रहा था। हालात को देखते हुए पायलट ने घोषणा की कि विमान को वापस बैंकॉक ले जाया जा रहा है। विमान के बैंकॉक में उतरते ही मेडिकल टीम पहुंची और यात्री को साथ ले गई। फिलहाल यात्री के व्यवहार की वजह व उसकी तबीयत की जानकारी सामने नहीं आई है। इसके 45 मिनट बाद फ्लाइट ने बैंकॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी।



आरटीआई से 2013 से 2018 के बीच यात्राओं की जानकारी मांगी थी

पीएम की विदेश यात्राओं का ब्योरा सार्वजनिक नहीं कर सकते:हाईकोर्ट

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय वायु सेना के विमान से प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से संबंधित सूचना का खुलासा करने के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा तथा प्रधानमंत्री के जीवन और सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आवेदक यह साबित करने में विफल रहा कि इस जानकारी का खुलासा करने के लिए पर्याप्त व्यापक जनहित है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने 15 अक्टूबर को दिए आदेश में कहा कि केवल इस तथ्य से कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं पर



सीआईसी का आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय ने रद्द किया

सरकारी धन खर्च किया गया है, ऐसी जानकारी का खुलासा करना उचित नहीं हो जाता। इससे इन यात्राओं के लिए किए गए सुरक्षा इंतजामों से समझौता हो सकता है।" आदेश में कहा गया, "इन चिंताओं से अधिक महत्वपूर्ण व्यापक जनहित साबित नहीं होने की स्थिति में मांगी गई जानकारी का खुलासा करने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।" उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि सीआईसी के उस आदेश में खामी थी, जिसमें प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से संबंधित 'स्पेशल फॉरेन रिटर्स' (एसएफआर)-2 का ब्योरा सुरक्षा कर्मियों के नाम और उनकी पहचान से जुड़ी जानकारियां हटाने के बाद सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया था। अदालत वायु सेना मुख्यालय के कार्मिक सेवा निदेशालय के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में जुलाई 2020 में केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा दिए गए उस आदेश को चुनौती दी गई थी।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।